NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 141 लखनऊ, बुधवार 03 जनवरी 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## जम्मू-कश्मीर को लेकर अमित शाह की बड़ी बैठक, जीरो टेरर प्लान समेत इन मुद्दों पर हुई चर्चा

एजेंसी। नई दिल्ली जानकारी के मुताबिक गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में उन्होंने सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जम्मू-कश्मीर में पूर्ण क्षेत्र प्रभुत्व और पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के बीच बेहतर समन्वय का निर्देश दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर पर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, एनएसए अजीत डोभाल, आईबी के निदेशक तपन डेका और अन्य अधिकारी




भाग ने भाग लिया। जानकारी के मुताबिक गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में उन्होंने सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जम्मू-कश्मीर में पूर्ण क्षेत्र प्रभुत्व और पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के बीच बेहतर समन्वय का निर्देश दिया। उन्होंने स्थानीय खुफिया जानकारी को बढ़ावा देने और मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में पिछले तीन साल से जम्मू-कश्मीर में लागू केंद्र सरकार के श्जीरो टेररश प्लान पर चर्चा हुई। मोदी सरकार का लक्ष्य 2026 तक श्जीरो टेररश योजना को पूरी तरह से लागू करने का है। पिछले साल 21 दिसंबर को दोपहर करीब 3.45 बजे राजौरी के पुंछ क्षेत्र में डेरा की गली से गुजर रहे सेना के दो वाहनों पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी के बाद शुरू हुई मुठभेड़ में चार सैनिकों के मारे जाने और तीन के घायल होने के कुछ दिनों बाद यह बैठक आयोजित की गई थी। पिछले साल नवंबर में, सेना और उसके विशेष बलों द्वारा राजौरी के कालाकोट में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करने के बाद कार्रवाई में दो कैप्टन सहित पांच सैनिक भी मारे गए थे।

## उत्तर प्रदेश स्कूल वैन में अब सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य, छात्रों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला

संवाददाता।
लखनऊ परिवहन प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वरलू द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह प्रावधान राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख के तीन महीने बाद लागू होगा। हालाँकि कुछ वैन में उत्तर प्रदेश मोटर वाहन नियमों के अनुसार पहले से ही निगरानी कैमरे लगाए गए थे, नई अधिसूचना में स्कूल वैन के लिए कैमरे लगाने की समय सीमा तय की गई है।29 दिसंबर को राज्य सरकार द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश के सभी स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य कर दिए गए हैं। परिवहन प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वरलू द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह प्रावधान राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख के तीन महीने बाद लागू होगा। हालाँकि कुछ वैन में उत्तर प्रदेश मोटर वाहन नियमों के अनुसार पहले से ही निगरानी कैमरे लगाए गए थे, नई अधिसूचना में स्कूल वैन के लिए कैमरे लगाने की समय सीमा तय की गई है। प्रस्तावित केंद्रीकृत वाहन स्थान ट्रैकिंग केंद्र कार्य करने के लिए तैयार होने के बाद सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों में ऐसे कैमरे लगाए जाएंगे। परिवहन विभाग ने राज्य में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम (वीएलटीएस) के कार्यान्वयन के लिए पहले ही एक निजी एजेंसी





नियुक्त कर दी है। एजेंसी को ढांचे के तहत वाहनों की ट्रैकिंग और निगरानी के लिए वाहन ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म को तैनात करने, एकीकृत करने, परीक्षण करने और संचालित करने का अधिकार है।यह परियोजना दोपहिया, तिपहिया और ई-रिक्शा को छोड़कर सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों को वाहन स्थान ट्रैकिंग उपकरणों से जोड़ने का प्रयास करती है और ऐसे सभी वाहनों के स्थान की वास्तविक समय में एक एकीकृत नियंत्रण और कमांड द्वारा निगरानी की जाएगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की राजाखेड़ा के अनंदापुरा से हुई शुरुआत।

राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान। विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत मंगलवार को राजाखेड़ा पँचायत समिति की ग्राम पंचायत अनंदापुरा व चौहानपुरा हुई। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, भाजपा प्रत्याशी रहीं नीरजा अशोक शर्मा, यात्रा संयोजक मुकेश हनुमानपुरा रहे जहाँ स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम देवीसिंह, विकास



अधिकारी मनीष तोमर मुख्य रूप से उपस्थित हुए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाई गई योजनाओं के साथ- साथ वर्तमान में चलाई जा योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए रथ यात्रा भी निकाली गई।यात्रा के तहत पँचायत स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ सभी विभागों के कर्मचारी भी मौजूद रहे जिन्होंने आमजन की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से लोगों की समस्याओं को सुना और उनका तुरन्त निराकरण किया गया। यात्रा कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने मोदी सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 2014 से लगातार जनहित की योजनाओं को धरातल पर लाकर आमजन को लाभ देने का रहा है। जनकल्याण के लिए लाई गई योजनाओं का आमजन को लाभ मिल रहा है। भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने कहा कि अब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है कई महत्वपूर्ण योजनाओं को भाजपा लेकर आई है जो कि गरीब कल्याण के हित की योजनाएं हैं। शर्मा ने कहा कि यात्रा कार्यक्रम लगातार राजाखेड़ा में जारी रहेगा जिसका लाभ प्रत्येक आमजन अवश्य ले और सरकार की योजनाओं का लाभ लें।एसडीएम देवीसिंह ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी आमजन की सेवा के लिए शिविर में मौजूद रहेंगे किसी भी व्यक्ति की कोई जनसमस्या होगी उसका मौके पर निस्तारण किया जाएगा। कार्यक्रम समापन पर कई लाभार्थियों को प्रमाणपत्र दिए गए जिनके चेहरे पर खुशी आ गयी।

## ट्रक ड्राइवर्स के समर्थन में बोले राहुल गांधी, शहंशाह के फरमान और न्याय के बीच का फर्क भूल चुकी है सरकार

एजेंसी।
नई दिल्ली सरकार पर वार करते हुए राहुल ने कहा कि सीमित कमाई वाले इस मेहनती वर्ग को कठोर कानूनी भट्टी में झोंकना उनकी जीवनी को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। और साथ ही, इस कानून का दुरुपयोग संगठित भ्रष्टाचार के साथ 'वसूली तंत्र' को बढ़ावा दे सकता है। सड़क दुर्घटना पर भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों को लेकर ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा। इसको लेकर उन्होंने एक एक्स पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि बिना प्रभावित वर्ग से चर्चा और बिना विपक्ष से संवाद के कानून बनाने की जिद लोकतंत्र की आत्मा पर निरंतर प्रहार है। उन्होंने आगे कहा कि जब 150 से अधिक सांसद निलंबित थे, तब संसद में शहंशाह ने भारतीय



अर्थव्यवस्था की रीढ़, ड्राइवर्स के विरुद्ध एक ऐसा कानून बनाया जिसके परिणाम घातक हो सकते हैं। सरकार पर वार करते हुए राहुल ने कहा कि सीमित कमाई वाले इस मेहनती वर्ग को कठोर कानूनी भट्टी में झोंकना उनकी जीवनी को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। और साथ ही, इस कानून का दुरुपयोग संगठित भ्रष्टाचार के साथ 'वसूली तंत्र' को बढ़ावा दे सकता है। उन्होंने हमला जारी रखते हुए कहा कि लोकतंत्र को चाबुक से चलाने वाली सरकार 'शहंशाह के फरमान' और 'न्याय' के बीच का फर्क भूल चुकी है। आपको बता दें कि भारतीय न्याय संहिता ने ब्रिटिश काल की भारतीय दंड संहिता का स्थान ले लिया है, जिसमें कहा गया है कि जो चालक लापरवाही से गाड़ी चलाकर गंभीर सड़क दुर्घटना का कारण बनते हैं और पुलिस या किसी प्रशासनिक अधिकारी को सूचित किए बिना भाग जाते हैं, उन्हें 10 साल तक की सजा या 7 लाख का जुर्माना हो सकता है। आईपीसी के तहत ऐसे मामलों में दो साल की सजा थी। इन प्रावधानों ने महाराष्ट्र, पंजाब, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित कुछ राज्यों में ट्रांसपोर्टरों और ऑटो-चालक संघों के हड़ताल पर जाने के साथ बड़े पैमाने पर हंगामा खड़ा कर दिया है। इन राज्यों में ईंधन स्टेशनों पर ग्राहकों की भारी कतारें देखी गईं, ट्रक ड्राइवरों की हलचल के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई और लोगों ने घबराहट में खरीदारी शुरू कर दी। हिट-एंड-रन मामलों पर नए कानून में कड़ी सजा के विरोध में कई राज्यों में ट्रक, बस और टैंकर ऑपरेटरों ने सोमवार को आंदोलन शुरू किया। सूत्रों के मुताबिक, देशव्यापी हड़ताल के बीच केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला आज शाम एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। ट्रांसपोर्टर यूनियन बैठक में शामिल होगी।

## कुश पूर्व सैनिक संस्था के स्थापना दिवस पर खेलकुंद प्रतियोगताएं रंगारंग कार्यक्रम संपन्नरूआर डी फौजी

झांसी ! राम लखन इंटर कॉलेज हँसारी टपरियन में कुश पूर्व सैनिकों और उनके परिवारी जनों ने भाग लिया जिसमें खेल कूद



प्रतियोगिताएं , महिलाओं का प्रश्न मंच ,भाषण प्रतियोगिता ,100 मीटर ,200मीटर की दौड़ और डांस के रंगारंग कार्यक्रम किए गए स सभी लोगों ने नए वर्ष के अवसर पर एक दूसरे को हर्षोल्लास के साथ बधाई दी इसके बाद पुरस्कारों का वितरण किया गया स कार्यक्रम की अध्यक्षता आर डी फौजी ने की ,संचालन जनक सिंह साहब ने , और आभार मातादीन साहब ने किया मौके पर उपस्थित रहे लड़कियों ने भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया ,उनमें पहला स्थान शिवानी दूसरा स्थान डॉली और तीसरा स्थान प्रीति ने हासिल किया शीत लहर के बीच सभी मे भारी उत्साह था सभी ने एकदूसरे को नए वर्ष पर शुभकामनाएं भी दी।

## औवेसी पर बरसे गिरिराज सिंह, लगाया भारत को तोड़ने का आरोप,

एजेंसी।
नई दिल्ली भाजपा नेता ने कहा कि 1000 वर्षों तक सनातन धर्म और हिंदुओं को प्रताड़ित किया गया... ये समय हिंदुओं के पुनर्जागरण का है। 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक से कुछ दिन पहले, असदुद्दीन ओवैसी ने बाबरी मस्जिद के संदर्भ में कहा कि वह स्थान जहां पिछले 500 वर्षों से पवित्र कुरान का पाठ किया गया था, वह अब उनके हाथ में नहीं है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्लिम युवाओं से केंद्र द्वारा की जा रही गतिविधियों से सावधान रहने की अपील की और कहा था कि देश भर में मस्जिदें आबाद रहनी चाहिए, जिस पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इसको लेकर भाजपा के फायर फ्रेंड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पलटवार किया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि औवेसी भारत को तोड़ना चाहते हैं, युवाओं को भड़का रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे देश में भगवान राम का क्छ। है... हम सब उनकी संतान हैं। भाजपा नेता ने कहा कि 1000 वर्षों तक सनातन धर्म और हिंदुओं को प्रताड़ित किया गया... ये समय हिंदुओं के पुनर्जागरण का है। 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक से कुछ दिन पहले, असदुद्दीन ओवैसी ने बाबरी मस्जिद के संदर्भ में कहा कि वह स्थान जहां पिछले 500 वर्षों से पवित्र कुरान का पाठ किया गया था, वह अब उनके हाथ में नहीं है। ओवैसी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त



करते हुए, ओवैसी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि हैदराबाद के सांसद वही कर रहे हैं जो वह सबसे अच्छा करते हैं – राम मंदिर के अभिषेक को सांप्रदायिक बनाना। उन्होंने कहा कि 2020 में, सचिवालय के निर्माण के लिए हैदराबाद में दो मस्जिदों, मस्जिद-ए-मोहम्मदी और मस्जिद-ए-हाशमी को ध्वस्त कर दिया गया था, लेकिन शहर से सांसद ओवैसी ने एक शब्द भी नहीं कहा। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मीडिया भले ही असदुद्दीन ओवैसी पर ध्यान दे, लेकिन उनका अपना समुदाय नहीं देता। अयोध्या के राम मंदिर का अभिषेक समारोह 16 जनवरी से शुरू होकर सात दिनों तक चलेगा। अंतिम दिन, 22 जनवरी को सुबह की पूजा के बाद, दोपहर में श्मृगशिरा नक्षत्रश में राम लला के विग्रह का अभिषेक किया जाएगा।

## स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ

झांसी! स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ सिमर बारी आरा मशीन तिलक नगर आयोजन हुआ जिसमें स्त्री वेलफेयर सभी महिलाए एकजुट शामिल हुई वही गाने की धुन पर महिलाओं और बच्चे नई साल पर खूब इंजॉय किया इसमें महिलाओं ने साधना वर्मा और सभी महिलाओं ने नई साल पर केक काटकर सभी लोगों ने नई साल शुभ अवसर पर केक काटकर नई साल मनाई देशवासी व क्षेत्र वासियों को



नई वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी वहीं उपाध्यक्ष सीमा यादव, ने सभी देशवासियों को और क्षेत्रवासी को नई वर्ष पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी कार्यक्रम को आओ साधना वर्मा ,की महासचिव शीला सिंह ,कार्यक्रम संयोजक सुरभि गौतम ,उपाध्यक्ष सीमा यादव ,उपाध्यक्ष मीरा वर्मा, मालती गौतम, लक्ष्मी वर्मा ,क्रांति वर्मा, नरेश कुमारी ,कुसुम, नीतू भारती ,संगीता , लक्ष्मी वर्मा ,सीमा पांडे ,मोनू ,उमा राजपूत, महादेवी नेहा यादव, प्रीति यादव, ममता, सीमा यादव, उमा देवी वर्म, चंद्र लता, काजल की मम्मी ,उमा देवी, चंदा, शगुन, शीला सिंह ,सुनीता चौहान, राखी गुप्ता, मीरा वर्मा ,संध्या शुक्ला, रानी शुक्ला उमा वर्म किरण सुमन विद्या देवी, मनीषा, आरती ,आशा सिंह, वंशिका वर्मा ,चाहत, खुशी ,सभी महिलाएं उपस्थिति कार्यक्रम में शामिल हुई सभी महिलाओं ने एक दूसरे को नई वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी

## जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक का पदोन्नति होने पर किया अभिनंदन।

धौलपुर राजस्थान। आई एफडब्ल्यूजे पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष गोपेश राज पचौरी के नेतृत्व में धौलपुर जिले के पत्रकारों ने जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार एवं जिला कलेक्टर अनिल



कुमार अग्रवाल का पदोन्नति होने पर फूल माला एवं बुके भेंट कर स्वागत किया एवं नववर्ष के उपलक्ष में सभी पत्रकारों ने जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार को नववर्ष की बधाई दी जिला अध्यक्ष को गोपेश पचौरी ने पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार से पत्रकार सुरक्षा कानून से संबंधित चर्चा की ।इस मौके पर पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनुराग मुद्गल, प्रिंस हुंडावाल, हरवीर शर्मा, अनूप शर्मा,रनीश तिवारी, संदीप शर्मा, अजय बिलोनिया, आकाश पचौरी, दुर्गा शरण दुबे, शकील खान, सौरभ उपाध्याय सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे

## राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में अखिलेश यादव जाएंगे या नहीं ? सपा प्रमुख बोले- भगवान से बड़ा कोई नहीं

संवाददाता। लखनऊ। योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर मुख्यमंत्री ये बातें कह रहे हैं तो इसका मतलब है कि बीजेपी नेता लिस्ट बना रहे हैं कि कौन मेहमान होगा... कौन आएगा... कौन नहीं आएगा। ये भगवान श्री राम का कार्यक्रम है। इन लोगों (बीजेपी) को इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने को लेकर कहा कि भगवान का बुलावा आएगा तो जरूर जाएंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह भगवान का अनुष्ठान है। सीएम भगवान से बड़ा नहीं हो सकता। भगवान राम ने जिन्हें बुलाया है वे अवश्य (अयोध्या) जाएंगे। उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधते हुए कहा, कोई नहीं जानता कि भगवान कब किसे बुलाएंगे और ये लोग (भाजपा नेता) भगवान के इतने करीब हैं कि उन्हें तारीख पता है। योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर मुख्यमंत्री ये बातें कह रहे हैं तो इसका मतलब है कि बीजेपी नेता लिस्ट बना रहे हैं कि कौन मेहमान होगा... कौन आएगा... कौन नहीं आएगा। ये भगवान श्री राम का कार्यक्रम है। इन लोगों (बीजेपी) को इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। भगवान जिसे बुलाएंगे वह जाएगा। इस बीच, आयोजकों ने नए साल के दिन पूजा किए गए श्अक्षतश – हल्दी और घी के साथ मिश्रित चावल के दानों का वितरण शुरू किया और यह राम मंदिर में अभिषेक समारोह से एक सप्ताह पहले 15 जनवरी तक जारी रहेगा। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को दोपहर 12रू20 बजे होगा और उन्होंने देश भर के लोगों से इस अवसर को उत्सव के रूप में मनाने का आग्रह किया। राम मंदिर स्थल के पास स्थित भगवान मठगेंद्र जी के प्राचीन मंदिर में अक्षत वितरण प्रक्रिया सीता रामश के मंत्रोच्चार से पहले की गई थी। एक कागज की थैली जिसमें अक्षत, राम मंदिर की एक तस्वीर जिस पर ट्रस्ट का लोगो है और हिंदी में कैप्शन है – निर्माणाधीन मंदिर, अयाध्या, और संरचना के विवरण का वर्णन करने वाला एक पैम्फलेट लोगों को वितरित किया जा रहा था।



# तानाशाही पर उतारू है मोदी सरकार– अजय राय



संवाददात।

लखनऊ । उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 उमा शंकर पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि आज चौदहवें दिन ''यूपी जोड़ो यात्रा'' की शुरूआत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री अजय राय ने जनपद लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ के विख्यात पौराणिक शिव मंदिर में पूजा अर्चना और जलाभिषेक कर की। तत्पश्चात गोला गोकर्णनाथ स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांध ी जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। साथ ही कृ षक समाज इंटर कॉलेज में यूपी जोड़ो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजयी प्रतिभागियों को उपहार स्वरूप मोबाइल और बैग देकर उनका हौसला बढ़ाया गया।प्रवक्ता ने बताया कि यात्रा के दौरान योगी सरकार द्वारा प्रताड़ित अनुदेशकों का एक प्रतिनिधि मंडल अपने प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रिया दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय से मिलकर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिस पर उन्होंने उनकी मांगों को उचित फोरम पर उठाने का वादा किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कृषक समाज इंटर कॉलेज में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि कांग्रेस पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर मंच पर उपस्थित सर्वजन आजाद पार्टी ने कांग्रेस पार्टी में अपना विलय कर लिया। यूपी जोड़ो यात्रा को मजबूती प्रदान करने के लिए उन्होने 11000 रुपए की सहयोग राशि भी पार्टी फंड में दी। प्रवक्ता ने बताया कि सभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय ने कहा की देश की जीवनरेखा ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल से पूरे भारत में अफरा तफरी मच गई है। सब्जी, दवा, फल, तेल सहित तमाम जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति के प्रभावित होने से सामान्य जन जीवन पर असर पड़ रहा है। श्री राय ने कहा की लगभग पूरे विपक्ष को संसद से निलंबित कर बिना चर्चा के पारित हिट एवं रन कानून में अलोकतांत्रिक बदलाव आम आदमी के प्रति इस सरकार के असंवेदनशील सोच को दर्शाता है। आपूर्ति चेन को बनाए रखने के लिए हर रोज लगभग अस्सी लाख ट्रक रात दिन चलते हैं। बहुत ही निम्न आय पर काम करने वाले ट्रक ड्राइवर शायद अपने परिवार की जरूरतें नहीं पूरी कर पाते, पर देश की जरूरत जरूर पूरी करते हैं। राशन देकर और धार्मिक तुष्टिकरण कर वोट का खेल खेलने वाली मोदी सरकार पूरी तरह निरंकुश हो चुकी है, और अब बदलाव ही एकमात्र हल है। प्रवक्ता ने बताया कि जनसभा को पूर्व सांसद श्री रवि वर्मा, पूर्व सांसद श्री जफर अली नकवी, श्री इमरान मसूद, सुश्री पूर्वी वर्मा, पूर्व विधायक श्री सतीश अजमानी, पूर्व विधायक श्री राकेश राठौर, जिला अध्यक्ष श्री प्रहलाद पटेल ने भी संबोधित किया। जनसभा के उपरांत पदयात्रा निकाली गई और रास्ते में नानक चौकी पर स्वर्गीय नानक चंद्र अग्निहोत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। पदयात्रा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने स्कूली बच्चों से वार्ता कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीष दिया। तदोपरांत यात्रा लखीमपुर की ओर प्रस्थान कर गई।

# आजीवन कारावास की सजा में गत वर्ष की तुलना में 315 प्रतिशत की वृद्धी डीजीपी

## डीजीपी के आदेश पर ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत लगातार की जा रही कार्रवाई

### अभियान के दौरान 14 प्रकरणों में 17 दोषियों को मृत्युदण्ड एवं1982 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा करायी गयी



लखनऊ । पुलिस महानिदेशक विजय कुमार, पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में मिशन मोड में कार्रवाई किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने, अपराधियों के विरुद्ध न्यायालय में विचाराध ीन मुकदमों की पैरवी कर अधि ाकाधिक सजा दिलाये जाने के उद्देश्य से एक जुलाई 2023 से प्रदेश में श्ऑपरेशन कन्विक्शनश अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के अन्तर्गत माफिया, महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित अपराध, सनसनीखेज अपराध जैसे हत्या, लूट, डकैती, गोकशी, धर्म परिवर्तन एवं अन्य अपराधों में सजा दिलाने को प्राथमिकता में सम्मिलित किया गया है। पुलिस महानिदेशक के निदेर्शों के कम में चलाये जा रहे अभियान के सफलतम प्रयास में मात्र छरू माह में कुल सजाओं का मासिक औसत वर्ष 2020 में 453 के सापेक्ष वर्ष 2023 में 4,290 रहा है, जो वर्ष 2020 की तुलना में लगभग नौ गुना अधिक है।अभियान के दौरान 14 प्रकरणों में कुल 17 दोषियों को मृत्युदण्ड एवं 1076 प्रकरणों में 1982 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा करायी गयी है। आजीवन कारावास की सजा में गत वर्ष की तुलना में 315 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अभियान के दौरान 306 प्रकरणों में 374 दोषियों को 20 वर्ष अथवा अधिक की सजा करायी गयी है।अभियान के दौरान 885 प्रकरणों में 1267 दोषियों को 10 वर्ष से 19 वर्ष की सजा एवं 14,174 प्रकरणों में 17,812 दोषियों को 10 वर्ष से कम की सजा करायी गयी है। अभियान के अन्तर्गत हत्या के प्रकरण में गतवर्ष की तुलना में मात्र छह माह में 732 सजायें करायी गयी है। अभियान के दौरान आरोप पत्र लगने के मात्र तीन माह के भीतर 505 प्रकरणों में सजा करायी गयी, जिनमें तीन अभियुक्तों को मृत्युदण्ड एवं 23 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा करायी गयी है, जो अपने में एक उपलब्धि है।

अभियान संचालन के लिए एडीजी, एटीएस, यूपी के पर्यवेक्षण में एक पोर्टल श्इन्वेस्टीगेशन, प्रॉसिक्यूशन एवं कन्विक्शनश विकसित किया गया, जिसमें समस्त सजाओं व चिन्हित प्रकरणों की छह माह में दिन प्रतिदिन की प्रगति को जनपदों द्वारा फीड किया जाता है।

# जनपद मेरठ में ब्लैकआउट कार्यक्रम वृहद रूप से आयोजित कराया जाए – धर्मपाल सिंह

## धर्मपाल सिंह ने नागरिक सुरक्षा एवं राजनैतिक पेंशन विभाग द्वारा एक वर्ष में किये गये कार्यों की समीक्षा की

संवाददाता।

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश के नागरिक सुरक्षा एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागों द्वारा गत एक वर्ष में किये गये कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में विभाग की कार्ययोजना एवं लक्ष्यों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व विभाग बजट में प्राविधानित ध नराशि का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 24 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं 938 उनके आश्रित हैं। जिनको प्रतिमाह नियमित रूप से 20176 रूपये पेंशन प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही 4638 लोकतंत्र सेनानी एवं 1120 उनके आश्रित हैं, जिनको 20 हजार प्रतिमाह नियमित रूप से सम्मान राशि दी जा रही है। उन्होंने निर्देश दिये कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पेंशन एवं अन्य आवश्यक सुविधायें समयबद्ध रूप से निरन्तर उपलब्ध करायी जाए एवं उनसे प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों के लिए लखनऊ एवं मथुरा में सेवा सदनों के माध्यम से आवास एवं भोजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। नागरिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नागरिक सुरक्षा गतिविधियों को संचालित रखने के लिए विभिन्न अवसरों पर स्वयं सेवकों की बैठकों का आयोजन करके समन्वय स्थापित किया जाए और नियमित रूप से स्वयं सेवकों की भर्ती, प्रशिक्षण तथा अभ्यासधप्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किये जाए। सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों में सहभागिता देकर स्वयं सेवकों के माध्यम से आमजन को भी जागरूक कराने के लिए कार्यक्रम कराये जाए। उन्होंने कहा कि लखनऊ और गोरखपुर की भॉति ही जनपद मेरठ में ब्लैकआउट कार्यक्रम वृहद रूप से आयोजित कराया जाए। बैठक में बताया गया कि नागरिक सुरक्षा जनपदों में कुल 491 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर 35303 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया तथा 374 अभ्यास, 309 प्रदर्शन एवं 97 मॉकड्रिल का आयोजन हुआ। नागरिक सुरक्षा की विभिन्न 12 सेवाओं में कुल 91888 स्वयंसेवकों की भर्ती की गई। आग से सुरक्षा एवं बचाव हेतु 22 मई से 26 मई, 2023 तक कार्यक्रम चलाये गये, जिसमें नागरिकों को अग्नि से बचाव के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी देकर 15 नागरिक सुरक्षा जनपदों में कुल 509 कार्यक्रम संचालित कर 49058 व्यक्तियों को जागरूक किया गया। बैठक में नागरिक सुरक्षा विभाग के विशेष सचिव श्री मनोज राय ने मंत्री जी को विभागीय योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा–निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

# अब तक 1402491 गोवंशों को संरक्षित किया गया – धर्मपाल सिंह

## पशुधन विकास के क्षेत्र में उ0प्र0 पशुपालन माडल के रूप में विकसित हो रहा

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ध र्मपाल सिंह ने आज यहां विध ानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग द्वारा गत एक वर्ष में किये गये कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी वित्तीय वर्षीय विभाग की कार्ययोजना एवं लक्ष्यों के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। कहा कि पशुधन विकास के क्षेत्र में आज उ0प्र0 पशुपालन मॉडल के रूप में विकसित के रूप में विकसित हो रहा है। इसलिए अवस्थापना विकास गोसंरक्षण, पशुधन चिकित्सा स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण, डिजिटलाइजेशन, टीकाकरण, बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं नस्ल सुधार जैसे कार्यक्रमों को गुणवत्तापूर्ण रूप से युद्ध स्तर पर संचालित किया जाए। ताकि उ0प्र0 पशुधन विकास एवं डेरी क्षेत्र में अन्य राज्यों के लिए नजीर बन सके। धर्मपाल सिंह ने कहा कि किसानों एवं पशुपालकों की आय दोगुनी हो, इसके लिए पशुपालन महत्वपूर्ण माध्यम है। गत एक वर्ष में पशुधन विभाग एवं दुग्ध ा विकास विभाग द्वारा विभिन्न नवीन योजनायें संचालित की गयी है। उन्होंने कहा कि बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान, भेढ़ पालकों को भेड़ो की नस्ल सुधार हेतु रैनबूलेट एवं मैरीनो नस्ल के भेड़ उपलब्ध कराये जा रहे हैं। बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण की कार्य योजना इटावा में भेड़, बकरी प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन तथा मुड़िया मुकर्रमपुर, बरेली में पशु उत्थान वर्ण संकर केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। लघु पशु के पालन से किसानों एवं पशुपालकों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। कहा कि निराश्रित गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में डिजिटाइजेशन एवं नवाचार को बढ़ावा देते हुए गोवंश पोर्टल एवं मोबाइल एप का संचालन किया जा रहा है। गोवंश संरक्षण कार्यों की डिजिटल मॉनीटरिंग की जा रही है और अस्थायी गोआश्रय स्थलों एवं मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खाते में धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। राज्य सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और अब तक 1402491 गोवंशों को संरक्षित किया जा चुका है। 294 वृहद गोसंरक्षण केन्द्र निर्मित हैं एवं 147 वृहद गोसंरक्षण केन्द्र निर्माणाधीन हैं। अभियान के दौरान 439 नये अस्थायी गोआश्रय स्थल बनाये गये है तथा 749 का क्षमता विस्तार किया जा चुका है। 96 नये पशुचिकित्सालय बनाये गये हैं। 16 पॉलीक्लीनिक का निर्माण किया जा चुका है एवं 08 निर्माणाधीन हैं। निराश्रित गोवंश के भरण पोषण हेतु धनराशि 30 रूपये से बढ़ाकर 50 रूपये कर दी गयी है। कृत्रिम गर्भाध ान योजना के तहत सवा करोड़ कृत्रिम गर्भाधान किया गया है। 6000 कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं को 18 करोड़ से अधिक की धनराशि पीएफएमएस के माध्यम से उनके खाते में सीधे भेजी गई है। लम्पी रोग से बचाव हेतु 1.60 करोड़ वैक्सीन लगाई गयी, जिससे लम्पी रोग पूर्णतः नियंत्रण में है। एचएस, एफएमडी वैक्सीन का कार्य किया जा रहा है।

# प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत उत्पादन के लिए उठाये गये कदमों से प्रदेशवासियों को आगामी वर्षों में मांग के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी – ए.के. शर्मा

## ऊर्जा मंत्री ने नववर्ष के दूसरे दिन प्रदेशवासियों को 247 निर्बाध और सस्ती बिजली देने का किया वादा

संवाददाता।

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने नववर्ष के दूसरे दिन प्रदेशवासियों को एक और शुभ समाचार देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से 24 7 निर्बाध, सस्ती व रोस्टर फ्री बिजली देने की तरफ आगे बढ़ रहा है।

ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने नववर्ष के प्रथम दिन विद्युत उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाध ान योजना की अवधि को 16 जनवरी, 2024 तक बढ़ाये जाने की खुशखबरी दी थी, तो वहीं नववर्ष के दूसरे दिन भी लोगों को 24 7 निर्बाध विद्युत अपूर्ति के साथ ही सस्ती बिजली देने का भी वादा किया है। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति में यूपी देश में नंबर वन बना है, यह क्रम निरंतर जारी रहे, इसके लिए ऊर्जा विभाग द्वारा प्रदेश में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जैसे कि 19 दिसम्बर 2023 को राज्य सभा में विद्युत आपूर्ति और उत्पादन के सम्बंध में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने अपने जवाब में बताया था कि उत्तर प्रदेश वर्ष 2023 में मांग के सापेक्ष 28,284 मेगावाट की सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति कर देश में प्रथम स्थान हासिल किया। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि अभी गत वर्ष के अंत में 28 दिसम्बर 2023 को 500 मेगावाट सौर ऊर्जा 2.67 रूपये प्रति यूनिट की दर से खरीदने के लिए भारत सरकार की संस्था एसईसीआई से अनुबंध किया गया। यह ऊर्जा प्रदेश को पहले की सरकारों द्वारा किए गये अनुबंधों की अपेक्षा आधी कीमत पर मिलेगी। इससे हमारी पावर परचेज लागत में काफी कमी आएगी और ऊर्जा की औसत दर भी कम होगी, जिसका सीध ा लाभ प्रदेश के उपभोक्ताओं को मिलेगा।उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त वर्ष–2023 में 1400 मेगावाट पवन ऊर्जा की खध्रीद के लिए भी अनुबंध किया गया। 3500 मेगावाट सौर ऊर्जा एवं 2000 मेगावाट जल ऊर्जा खध्रीदने की प्रक्रिया भी शुरू की गयी है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि तापीय ऊर्जा के सभी घरेलू संयंत्रों को जल्दी पूरा करते हुए, तापीय क्षमता को दोगुना करने का प्रयास भी लगातार जारी है। इसके अंतर्गत ओबरा–सी की पहली यूनिट से 660 मेगावाट विद्युत उत्पादन शुरू हो गया है। इसी प्रकार से जवाहरपुर की 2 660 मेगावाट के तापीय संयंत्र से शीघ्र ही विद्युत उत्पादन शुरू करने का कार्य चल रहा। ओबरा–डी की 2 800 मेगावाट के दो प्लांट और अनपरा में भी इसी क्षमता के बिल्कुल नये संयंत्र लगाने की प्रक्रिया शुरू है। पनकी में भी विद्युत इकाइयां चालू की जा रही हैं। मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि नवीन ऊर्जा के घरेलू उत्पादन को युद्ध स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है। सौर ऊर्जा के अंतर्गत 7,000 मेगावाट विद्युत उत्पादन के लिए सोलर संयंत्र लगाये जाने का कार्य जारी है। रूफटाप सोलर से भी 300 मेगावाट विद्युत उत्पादन शुरू हो चुका है, अन्य संयंत्रों पर भी कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। सौर ऊर्जा को स्टोर करने के लिए पम्प स्टोरेज के लिए भी सरकार ने कदम बढ़ाया है। इसके अंतर्गत 12,000 मेगावाट पम्प स्टोरेज प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि किसानों को अप्रैल, 2023 से जहां एक ओर नलकूप के बिल से मुक्ति दिलाई गयी है, वहीं उन्हें और भी लाभ देने के लिए सौर ऊर्जा की तरफ ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों के निजी नलकूपों का सोलराइजेशन का कार्य तेजी से चल रहा है। बायो ऊर्जा पर भी तेजी से कार्य चल रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा उठाये गये इन सभी कदमों से प्रदेशवासियों को आगामी वर्षों में मांग के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होगी।

# निदेशक सूचना ने सेवानिवृत्त कार्मिकों के बेहतर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की

## कार्मिकों को नव वर्ष 2024 की दी बधाई व शुभकामनायें

लखनऊ। निदेशक सूचना शिशिर ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 के पं0 दीनदयाल उपाध्याय सभागार में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के विदाई समारोह एवं नव वर्ष–2024 मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नव वर्ष 2024 की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक अपने–अपने कार्य दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करें, टीम भावना के साथ कार्य करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाए, जिससे कि आमजन योजनाओं से लाभान्वित हो सके। उन्होंने सेवानिवृत्त सभी कार्मिकों के बेहतर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की और यह भी कहा कि भविष्य में भी विभाग आपके हितों का ध्यान रखेगा।

इस अवसर पर अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी ने सेवानिवृत्त कार्मिकों को स्वस्थ रहने एवं दीर्घायु जीवन की कामना की तथा सभी कार्मिकों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। आज विदाई समारोह में सेवानिवृत्त प्रमोद कुमार दुबे लेखाकार, खलील अहमद ब्रोमाइट प्रिंटर, शिशिल डैनियल फर्राश तथा अनुसेवक संतोष कुमार, दया जोशी को विदाई दी गयी। इस अवसर पर उप निदेशक प्रभात शुक्ला, ललित मोहन, सेवानिवृत्त कुमकुम शर्मा, सहायक निदेशक सतीश भारती, जितेन्द्र प्रताप सिंह, मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कपिल सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय स्कूल बैण्ड प्रतियोगिता में सी.एम.एस. बैण्ड टीम ने प्रथम पुरस्कार जीता

लखनऊ, 2 जनवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्रों की बैण्ड टीम ने मोहाली, चंडीगढ़ में आयोजित नेशनल नार्थ जोन स्कूल बैण्ड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित कर लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता 75वें गणतन्त्र दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित हुई, जिसमें सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस की बालिकाओं ने ब्रास बैण्ड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों की छात्र टीमों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्राओं ने ब्रास बैण्ड में शानदार प्रदर्शन कर अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा का परचम लहराया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि हेतु सी.एम.एस. छात्र टीम को प्रथम पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रकार की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से सी.एम.एस. अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु सदैव प्रोत्साहित करता रहता है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं एम.डी., प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. बैण्ड टीम को बधाई दी है।



# प्रदेश को सेमीकण्डक्टर परिदृश्य में आगे ले जाने में सहायक होगा उत्दृष्टता केन्द्र –योगेन्द्र उपाध्याय

संवाददाता।

लखनऊ। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया के संकल्प को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश में श्रीट्रान के परिसर में सेमीकन्डक्टर उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना की जायेगी, जो राज्य के लिए परिवर्तनकारी उपलब्धि होगी और प्रदेश को भारत के सेमीकण्डक्टर परिदृश्य में सबसे आगे ले जायेगी। घरेलू चिप विकास के लिए अपनी तरह के पहले ईकोसिस्टम को बढ़ावा देने हेतु चिप डिजाइनिंग, पैकेजिंग, प्रोटोटाइपिंग और टेस्टिग के साथ स्किल डेबलपमेंट और ट्रेनिंग पर कार्य किया जायेगा। इसके बनने से प्रदेश में लगभग 10 हजार करोड़ रूपए का निवेश आकर्षित किया जा सकेगा और प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार से 1 लाख से अधिक रोजगार उत्पन्न होंगे। उन्होंने बताया कि परियोजना को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया गया है।उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि श्रीट्रान रेक्टिफायर्स का निर्माण वर्ष 2000 तक किया जाता रहा था जोकि निम्न फ्रीकेन्सी रेक्टिफायर्स से उच्च फ्रीकेन्सी रेक्टिफायर्स में प्रौद्योगिकी उन्नयन के कारण बंद हो गया। श्रीट्रान इण्डिया लिमिटेड, साहिबाबाद, गाजियाबाद औद्योगिक क्षेत्र, उत्तर प्रदेश में एक सम्पन्न सेमीकण्डक्टर ईकोसिस्टम स्थापित किये जाने की एक त्रि–आयामी व्यापक योजना तैयार की गयी है। प्रथम चरण की समयावधि फरवरी 2024 से जनवरी 2025 तक होंगी इसमे सुविधाएं और निवेश पर कार्य किया जाएगा। उत्कृष्टता केन्द्र (सीओई) का प्रथम चरण श्रीट्रान इण्डिया लिमिटेड की विद्यमान सुविधाओं के अन्तर्गत स्थापित होगा। विस्तार की परिकल्पना को समायोजित करने के लिए कौशल विकास तथा प्रशिक्षण के लिए डेडीकेटेड, श्रीट्रान के भवनों का नवीनीकरण किया जाएगा। 100 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत सहित, इसके वित्तपोषण को 80 प्रतिशत इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (भारत सरकार), 10 प्रतिशत उत्तर प्रदेश सरकार तथा शेष 10 प्रतिशत औद्योगिक साझीदारों के बीच विभाजित किया जायेगा। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि उत्कृष्टता केन्द्र (सी.ओ.ई.) सेमीकण्डक्टर के सम्पूर्ण विनिर्माण चक्र को सहयोग प्रदान करेगा। सेमीकण्डक्टर उद्योग को सहयोग प्रदान करने के लिए नए उद्यमों और स्टार्टअप्स पर विशेष ध्यान देगा। सी.ओ.ई. में सेमीकण्डक्टर विकास की सुविधा उपलब्ध होगी।

# जंगली सूअर से टकराकर पलटी कार, मां–बेटे समेत तीन की मौत



संवाददाता। सुलतानपुर । कादूनाला के पास कोहरे के चलते अर्टिका कार जंगली सूअर से टकरा गई। इस पर सवार आठ लोगों में एक ही परिवार की दो महिलाओं समेत तीन की मौत हो गई। पांच अन्य घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर लाया गया। जहां दो की हालत गंभीर देखते हुए ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। सभी कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हरजू पट्टी के रहने वाले हैं।

कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हरजूपटी सातनपुर निवासी हृदयराम पाल की पत्नी राजमती का लखनऊ पीजीआई अस्पताल मे चार दिन पहले आपरेशन हुआ था। सोमवार की देर शाम महिला को डिस्चार्ज कराकर परिवार अर्टिगा कार से घर लौट रहा था। कार देर रात लखनऊ–वाराणसी नेशनल हाइवे पर के कादूनाला के पास पहुंची थी के घने कोहरे के चलते कार जंगली सूअर से टकराकर पलट गई। कार पलटने से देवरानी समरथी देवी (55) तथा जेठानी राजमती देवी (60) की मौके पर मौत हो गई। वही राजमती के बेटे सोनू पाल (26) की राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना में सुरेमन (50वर्ष) पत्नी छोटेलाल निवासी हरजूपट्टी, सरोज (38वर्ष) पत्नी राजपाल निवासी पुरुषोत्तामपुर, रामजीत (36वर्ष) पुत्र हृदयराम निवासी सालपुर, बृजनाथ (30वर्ष) पुत्र हरिश्चंद्र निवासी पटना थाना कूरेभार को गंभीर चोटें आई हैं। इनमें से चार को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। जबकि एक अन्य घायल का निजी अस्पताल में इलाज हो रहा है। सभी मृतक भदैंया के सातनपुर हरजुपट्टी गांव के निवासी एक ही परिवार के हैं।

# पारम्परिक नृत्य की विभिन्न मुद्राएं व भावभंगिमा ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

–अयोध्या महोत्सव में विश्व की प्राचीनतम् भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगों से आम जनमानस हुआ परिचित

अयोध्या। नववर्ष की प्रथम रात्रि पर अयोध्या महोत्सव में विश्व की प्राचीनतम् भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगों से आम जनमानस परिचित हुआ। महोत्सव के मंच पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें स्कूली बच्चों की प्रस्तुति में सांस्कृतिक धरोहर पारम्परिक नृत्य की विभिन्न मुद्राएं व भावभंगिमा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लश्करी पब्लिक स्कूल, लिटिल हार्ट्स एकेडमी एमएमआरडी पब्लिक स्कूल, एमबी पब्लिक स्कूल व यूनिवर्सल स्कूल के छात्र–छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट से अयोध्या महोत्सव का पाडांल गुंजता रहा।

विशिष्ट उपस्थित पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सीबीएन त्रिपाठी पूर्व चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज डॉ नानकसरन की उपस्थिति में समाज में उत्कृष्ट योगदान करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अयोध्या अध्यक्ष डॉ मंजूषा पांडे, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ पल्लवी श्रीवास्तव, डॉ जीपी मौर्या, वरिष्ठ आर्थो चिकित्सक डॉ. आशीष श्रीवास्तव, फिजिशियन शिवेन्द्र सिन्हा, डॉ रमेश पांडेय, डॉ विकास चतुर्वेदी, डॉ. के एस मिश्रा, डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. सन्दीप सिंह, डॉ. पूनम गुप्ता, डॉ. गौरव वर्मा, डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. अहमद हसन, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, डॉ. विनोद मिश्रा, डॉ. आशीष पांडेय, डॉ. मेंहदी, डॉ. बी डी त्रिपाठी, डॉ. विजय दुबे, डॉ. अमरेश पाण्डेय को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय संस्कृति सम्पूर्ण विश्व के लिए आकर्षण का विषय है। भारतीय संस्कृति दुनिया की पहली ऐसी संस्कृति है जो वसुधैव कुटुम्बकम का भाव अपने भीतर समाहित करके समाज के कल्याण की शिक्षा प्रदान करती है। शास्त्रीय व लोकनृत्य हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसे सहेजना अत्यंत आवश्यक है। जिसके लिए आवश्यक है कि आज की युवा पीढ़ी में इसके लिए जिज्ञासा बढ़े। महोत्सव के मंच से इसी भाव को लेकर जनमानस के बीच प्रस्तुति की जाती है। उन्होंने बताया कि तीन जनवरी को सम्मान समारोह का आयोजन होगा। जिसमें लोकगायक विवेक पाण्डेय आमंत्रित कलाकार के रुप मे होंगे। दूसरे सत्र में अयोध्या आयडल ग्रैण्ड फिनाले का आयोजन होगा। चार जनवरी को व्यवसायी अभिनंदन समारोह का आयोजन होगा।

# आठवें दिन मिला किशोर का शव

संवाददाता। सुल्तानपुर। बल्दीराय में एक सप्ताह से लापता किशोर का शव एसडीआरएफ टीम ने नहर से बरामद किया है। शरीर की खाल पानी में अधिक दिनों तक रहने से सड़ गई है। स्थानीय पुलिस की लापरवाही के चलते शव की ये दुर्गत हुई है। तत्काल गुमशुदगी दर्ज करने वाली पुलिस ने 6 दिन बिताकर एसडीआरएफ टीम की मदद ली। अगर समय रहते टीम की मदद ले ली जाती तो शव सड़ने से बच जाता। बल्दीराय थाना क्षेत्र के बीही गांव निवासी अमित चौरसिया (14 वर्ष) पुत्र विजय पाल बीते मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे घर से साइकिल से बल्दीराय बाजार में डेरी पर दूध देने गया था। डेरी पर दूध देकर वो वापस घर नहीं पहुंचा। परिजनों को चिंता हुई तो परिवार वालों ने थाने पर सूचना दी। अमित का पिता बाहर रहता है। ऐसे में मां कुसमा की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। अगले बल्दीराय कस्बे के निकट नहर के किनारे सायकिल, दूध का बर्तन व एक पैर का चप्पल मिला था। अमित बल्दीराय स्थित राममिलन सालिकराम ज्ञानोदय विद्यालय में कक्षा आठवीं में पढ़ता था। उधर सूचना पर डॉग स्क्वॉयड मौके पर पहुंचा और पड़ताल किया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर में तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। लेकिन इसके बाद पुलिस ने हीलाहवाली बरता। पूरे पांच दिन बिताने के बाद सोमवार को एसडीआरएफ की टीम बुलाया। लेकिन कल टीम को सफलता नहीं मिली। आज थानाक्षेत्र के सराभारी गांव के निकट शारदा सहायक खंड 16 नहर पुल के पास शव मिला। जो सड़ गया है। एसओ आरबी सुमन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के सही कारणों का पता चल सकता है।

## ब ओटीएस में 16 जनवरी तक निपटा सकते हैं बकाए बिल का झंझट

–ओटीएस की बाकी योजनाएं पूर्ववत रहेगी, इस बार उत्साहित नहीं है उपभोक्ता

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) विद्युत बकाया के उपभोक्ताओं को ओटीएस का लाभ देने के लिए योजना की समय सीमा का विस्तार किया गया हैं। बकायेदार उपभोक्ता अब 16 जनवरी तक इस योजना के तहत अपने बिजली के बकाया बिल का निस्तारण करा सकेंगे। इससे पहले 31 दिसम्बर को योजना खत्म हो गई थी। तीन चरणों में लागू हुई योजना का तीसरा और अंतिम चरण 31 दिसम्बर तक था। ओटीएस योजना की समय सीमा समाप्त होने के बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बकायेदार उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर उनके कनेक्शन विच्छेदन की तैयारी कर ली थी। उपभोक्ताओं को मोबाइल पर कनेक्शन विच्छेदन की चेतावनी वाले मैसेज भी भेजे जा रहे थे। मैसेज में कहा जा रहा था कि 31 दिसम्बर तक बकायेदार उपभोक्ता ओटीएस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं कराते हैं तो उनके कनेक्शन काटने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश में पहली बार बिजली चोरी के मामलों को भी ओटीएस योजना के तहत सम्मिलित किया गया था। सबसे अधिक लाभ की स्थिति भी बिजली चोरी के मामलों में ही दी गई है। बिजली चोरी के बकायेदारों को 65 प्रतिशत तक की छूट दी गई है, बावजूद इसके बकायेदार उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ लेने में उत्साह नहीं दिखाया है। ओटीएस योजना के विस्तार से पहले 25 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने भी रजिस्ट्रेशन नहीं कराये हैं। विभागीय अधिकारी एक बार फिर उपभोक्ताओं के दर पर दस्तक दे रहे हैं और बकायेदार उपभोक्ताओं से योजना का लाभ लेने की अपील कर रहे हैं।

उपभोक्ताओं की सुनवाई न होना भी है बडी वजह

विद्युत विभाग की ओर से बकायेदार उपभोक्ताओं से ओटीएस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की जा रही है। उपभोक्ताओं को योजना के लाभ भी बताये जा रहे हैं और बकायेदारों के कनेक्शन नहीं काटे जा रहे हैं। वहीं उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण प्रभावी तरीके से नहीं कि जा रहा है। योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कराने से कतरा रहे उपभोक्ताओं में बडी संख्या ऐसे उपभोक्ताओं की है जिन्हें विभाग की ओर से बेहिसाब बिल थमाए गये हैं। ऐसे उपभोक्ता चाहते हैं कि उनके बिल संशोधित किये जाएं जबकि विभाग उन्हें ओटीएस के तहत लाभ लेकर बिल जमा करने के लिए कह रहा है।

# बाप–बेटी एक साथ बने लेखपाल

संवाददाता। सुल्तानपुर। पिता–पुत्री का एक साथ लेखपाल के पद पर चयन हुआ है। परिवार में दोहरी खुशी से हर कोई प्रसन्न है। पिता जहां सेना से रिटायर्ड होकर इस जॉब में गए हैं वही बेटी ने पहले प्रयास में ही बाजी मारी है। दरअस्ल बल्दीराय तहसील





अंतर्गत उमरा पूरे जवाहर तिवारी गांव के रवींद्र त्रिपाठी 2019 में सेना से रिटायर्ड हुए हैं। सैनिक के पद से सेवानिवृत के बाद उन्होंने घर बैठना मुनासिब नहीं समझा। उन्होंने अपनी बेटी प्रिया त्रिपाठी के साथ पढ़ाई शुरू कर दी। बाप ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) का प्रशिक्षण लिया तो बेटी ने डीएड (डिप्लोमा इन एजुकेशन) किया। फिर बाप–बेटी ने लखनऊ में राजस्व लेखपाल की परीक्षा दी। उत्तर प्रदेश अधीनस्त सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित लेखपाल भर्ती का रिजल्ट आया तो बाप–बेटी एक साथ सफल हुए।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी पहुंची ठाकुर बांके बिहारी की शरण

## -मथुरा सदर विधायक श्रीकांत शर्मा भी रहे साथ, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

मथुरा। नव वर्ष के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचीं। सोनल शाह के कार्यक्रम को पूरी तरह से गोपनीय रखा गया था। नव वर्ष के अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु मथुरा वृंदावन पहुंचते हैं और अपने आराध्य के दर्शन कर अपने आप को भाग्यशाली मानते हैं। इसी क्रम में भारत के गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी अपने परिवार के साथ बांके बिहारी की शरण में पहुंची जहां मंदिर के सेवायतों ने उन्हें विधिवत रूप से पूजा अर्चना कराई। वहीं बांके बिहारी मंदिर के सेवायतों ने उनका माला, पटका एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने देश की उन्नति के लिए सुख शांति की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ मथुरा विधायक श्रीकांत शर्मा एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं उनका भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से उनके साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## हीटिंग से कार के इंजन में लगी आग, डाक्टर दंपत्ति ने कूदकर बचाई जान

सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के कि.मी 172 पर मंगलवार को एक बहुत बड़ा हादसा टल गया है। यहां हीटिंग के कारण कार के इंजन में आग लग गई, डॉक्टर दंपत्ति ने कूदकर जान बचाया। वही यूपीडा ने पानी का टैंकर बुलाकर आग पर काबू पाया है। जानकारी के अनुसार बाराबंकी जिले के एक निजी हॉस्पिटल के मालिक डॉ प्रवीण कुमार पुत्र राम उदगार चौधरी अपनी पत्नी डॉक्टर सपना भारती के साथ कार से पटना से लखनऊ की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है डॉक्टर स्वयं कार ड्राइव कर रहे थे। वे कार लेकर जब पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर अखंडनगर थानाक्षेत्र के किलोमीटर संख्या 172 पर पहुंचे थे तभी अचानक कार हीटिंग की वजह से इंजन में आग लग गई। डॉक्टर दंपत्ति ने कार से कूदकर जान बचाया। मौके पर अफरातफरी मच गई। लोगों ने यूपीडा को घटना की जानकारी दिया। सूचना मिलने पर यूपीडा गश्ती दल वाहन संख्या 12 और वाहन संख्या 5 सहायक सुरक्षा अधिकारी प्रभुनाथ यादव के साथ, पीएनसी सेफ्टी टीम, पीएनसी एम्बुलेंस, पीआरबी 2800 पहुंची। पीएनसी सेफ्टी टीम के दोनों वाटर टैंकर को आग बुझाने के लिए लगाया गया।

# 18 वर्षों से प्रत्येक साल ब्लड दान कर रहा हूं – रणविजय मौर्य

झांसी । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधान परिषद सदस्य पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के 69 वें जन्मदिन पर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। युवा प्रदेश महासचिव अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा रणविजय मौर्य ने बताया कि उन्होंने अस्पताल जाकर ब्लड डोनेट किया। उन्होंने बताया कि बीते 18 वर्षों से प्रत्येक साल ब्लड दान कर रहा हूं। वहीं पूर्व मंत्री विद्रोही धनपति मौर्य ने बताया कि मेरे कहने पर मेरे अन्य मित्रों ने भी ब्लड डोनेट किया। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि ब्लड के अभाव में किसी भी व्यक्ति की जान ना जाए , इसके लिए हम सभी लोग मिलकर हमेशा प्रयास करते रहते हैं। मैं हमेशा से समाज सेवा को मानव जीवन का एक अंग मानता हूं। अब तक मैं खुद के अलावा लगभग ढाई सौ परिवारों को ब्लड डोनेशन करवा कर उनकी मदद कर चुका हूं। इस अवसर पर अशोक कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा उत्तर प्रदेश ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति की मृत्यु निश्चित हैं लेकिन कई लोगों की मृत्यु दुर्घटनाओं एवं अन्य बीमारी के दौरान रक्त की कमी से होती है। ऐसे में रक्तदान द्वारा मनुष्य को अकाल मृत्यु से बचाया जा सकता है। वहीं सत्येंद्र कुशवाहा प्रदेश महासचिव अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा उत्तर प्रदेश ने कहा कि प्रत्येक शारीरिक रूप से सक्षम व्यक्ति को जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। समस्त मानव जीवन को बचाने में अपना योगदान देना हर मानव का कर्तव्य है। इस अवसर पर दामोदर प्रसाद मौर्य प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी , राजेश मौर्य प्रदेश मीडिया प्रभारी, पंकज मौर्य, रणजीत मौर्य, धर्मेंद्र मौर्य प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।आभार व्यक्त रणविजय मौर्य ने किया।



## 12 दिन से लापता बालिका का शव मिला

मथुरा। 12 दिन पूर्व घर से दौड़ लगाने को निकली किशोरी का मंगलवार सुबह यमुना में शव तैरता मिला है। शव की सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गयी। यमुना से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मृतका के परिजनों ने किशोरी का अपहरण के बाद दुष्कर्म फिर हत्या कर शव फेंकने और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। अनुसार थाना जमुनापार की कृष्ण बिहार कालौनी निवासी 14 वर्षीय गुड़िया प्रतिदिन की भांति 20 दिसम्बर को घर से दौड़ लगाने के लिये घर से निकली। देर शाम तक किशोरी घर नही लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। परिजनों ने घटना की सूचना लक्ष्मी नगर चौकी पर पुलिस को दी। किशोरी की कहीं जानकारी न मिलने पर परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने 22 दिसम्बर को गुमशुदगी दर्ज कर दी। तभी परिजनों ने पड़ौस के एक युवक पर गायब करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने युवक को पूछताछ के बाद छोड़ दिया था। मंगलवार सुबह थाना सदर बाजार क्षेत्र के दामोदर पुरा के यमुना टीला पर शव तैरता मिला है। शव को देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मृतका के पिता जगवीर चौधरी ने बताया कि मृतका कक्षा आठवीं की छात्रा थी। प्रतिदिन की भांति घर से दौड़ लगाने के लिये घर से निकली थी। किशोरी के शव का पोस्टमार्टम पैनल और विडियोग्राफी से कराया गया है। पिता का कहना है कि लक्ष्मी नगर चौकी प्रभारी से कई बार किशोरी को बरामद करने की गुहार लगायी थी। मृतका की मां ने बताया कि यदि पुलिस हमारी मदद करती तो आज हमारी बेटी जिंदा होती। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# जे सी आई क्वीन ऑफ झांसी ने नए साल का आगाज बहुत ही धूम धाम से मनाया

रिपोर्ट—– राशिद पठान

झांसी! जे सी आई क्वीन ऑफ झांसी की चार्टर प्रेसिडेंट बेबी नाज जी की अध्यक्षता में नए साल का आगाज बहुत ही जोश शौर



से किया जिसमें बहुत सारे गेम हाउजी खेले गए बहुत सारे उपहार बांटे गए और सभी ने मिलकर बीतै हुए साल में बहुत से अच्छे कार्य मिलकर सभी ने अच्छे से लुप्त उठाया मिलजुल कर सभी ने बहुत सारे अच्छे प्रोग्राम किया और आने वाले साल में हम लोग उसे भी दुगने अच्छे कार्य करने का प्ररणा लेते हैं और साथ ही बहुत सारे सामाजिक कार्यों के द्वारा दूसरों की मदद करने का संकल्प लेते हुए नए साल का वेलकम करते हैं इस कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य जॉली खान विनीताश्रीवास्तव सारिका जैन रश्मि कविता संजना रंजना मंजू शरावगी नीलम रिचा अनुष्का शर्मा उषा गजला मंजूषा रश्मि जैन प्रियंका मानवी रिंकी सनोम भारती अनुष्का जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे अंत में अध्याय की प्रेसिडेंट मीनू चावला जी ने सभी का आभार व्यक्त किया

## अब हड़तालियों से प्रभावी तरीके से निपटने का प्रशासन

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)नए कानून के विरोध में कई दिन से आगरा दिल्ली हाईवे पर ट्रक चालकों द्वारा जगह जगह किये जा रहे विरोध प्रदर्शन किये जा रहे हैं। सोमवार को मंडी चौराहे के आसपास हुए प्रभावी विरोध प्रदर्शन के बाद जिला प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों से प्रभावी तरीके से निपटने की रणनीति बनाई है। वहीं परिवहन विभाग भी पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। परिवहन विभाग के अधिकारियों का दवा है कि मथुरा में रोडवेज कर्मी हड़ताल पर नहीं है और लगातार बसों का संचालन किया जा रहा है। एआरएम मथुरा मदन मोहन शर्मा ने बताया कि मंगलवार को पलवल साइड में कुछ देर के लिए यातायात बंद हुआ था। ट्रक चालकों की हडताल के चलते बसों का संचालन पूरी क्षमता के साथ नहीं हो पा रहा है। चालक परिचालक बसों में तोड़फोड़ की आशंका के चलते कुछ सहमे हुए हैं। यात्रियों, चालक परिचालकों को किसी तरह का कोई नुकसान न पहुंचे इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है। हड़ताल केवल ट्रक चालकों के द्वारा की गई है। मथुरा में हमारी बसों के चालक परिचालक या अनुबंधित बस मालिकों द्वारा नहीं की गई है। सोमवार को 70 प्रतिशत बसों का संचालन हुआ था। मंगलवार को शाम चार बजे तक करीब 50 प्रतिशत बसों का सभी रूटों पर संचालन हुआ था। मथुरा डिपो में करीब 155 बस हैं। हमें अनुबंधित बस चालक स्वामियों का पूरा सहयोग मिल रहा है। प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। कोई अवरोध पैदा कर रहा है तो उसे हटाया भी जा रहा है। सोमवार को मंडी चौराहे के पास जाम लगाया गया था। बाहर अगर कहीं जाम की स्थिति बनती है तो बस संचालन प्रभावित होता है।


## अब हड़तालियों से प्रभावी तरीके से निपटने का प्रशासन


–परिवहन विभाग का दावा मथुरा में रोडवेज बस चालक हड़ताल पर नहीं

–पुलिस ने भी हाइवे पर गढाई नजर, की जा रही है पेट्रोलिंग


(मथुरा)(ए.के.शर्मा) नए कानून के विरोध में कई दिन से आगरा दिल्ली हाईवे पर ट्रक चालकों द्वारा जगह जगह किये जा रहे विरोध प्रदर्शन किये जा रहे हैं। सोमवार को मंडी चौराहे के आसपास हुए प्रभावी विरोध प्रदर्शन के बाद जिला प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों से प्रभावी तरीके से निपटने की रणनीति बनाई है। वहीं परिवहन विभाग भी पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। परिवहन विभाग के अधिकारियों का दवा है कि मथुरा में रोडवेज कर्मी हड़ताल पर नहीं है और लगातार बसों का संचालन किया जा रहा है। एआरएम मथुरा मदन मोहन शर्मा ने बताया कि मंगलवार को पलवल साइड में कुछ देर के लिए यातायात बंद हुआ था। ट्रक चालकों की हडताल के चलते बसों का संचालन पूरी क्षमता के साथ नहीं हो पा रहा है। चालक परिचालक बसों में तोड़फोड़ की आशंका के चलते कुछ सहमे हुए हैं। यात्रियों, चालक परिचालकों को किसी तरह का कोई नुकसान न पहुंचे इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है। हड़ताल केवल ट्रक चालकों के द्वारा की गई है। मथुरा में हमारी बसों के चालक परिचालक या अनुबंधित बस मालिकों द्वारा नहीं की गई है। सोमवार को 70 प्रतिशत बसों का संचालन हुआ था। मंगलवार को शाम चार बजे तक करीब 50 प्रतिशत बसों का सभी रूटों पर संचालन हुआ था। मथुरा डिपो में करीब 155 बस हैं। हमें अनुबंधित बस चालक स्वामियों का पूरा सहयोग मिल रहा है। प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। कोई अवरोध पैदा कर रहा है तो उसे हटाया भी जा रहा है। सोमवार को मंडी चौराहे के पास जाम लगाया गया था। बाहर अगर कहीं जाम की स्थिति बनती है तो बस संचालन प्रभावित होता है।


### परिवहन आयुक्त ने जारी किया पत्र

चंद्र भूषण सिंह परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश की ओर से जिलाधिकारियों एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को नए कानून का विरोध कर रहे हड़ताल ट्रक एवं बस चालकों से निपटने के लिए पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि नये सड़क दुर्घटना कानून के विरोध में रोडवेज के अनुबंधित व जिले की बस यूनियनों द्वारा एक से 30 जनवरी तक हड़ताल घोषित की गई है। हड़ताल के कारण प्रदेश की परिवहन व्यवस्था अत्यधिक प्रभावित हो रही है। जिसके कारण यात्रियों को गंतव्य तक जाने में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। पत्र में कहा गया है कि कानून के प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं। कानून लागू होने के बाद ही इसका स्वरूप परिभाषित किया जा सकेगा। ऐसे में परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, बस यूनियनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जनता को हो रहीं परेशानियों से अवगत कराएं। बसों के सुगम संचालन के लिए कार्यवाही करें।

### पुलिस ने हाइवे पर बढाई पेट्रोलिंग

ट्रक चालकों द्वारा नए नियम के विरोध में की जा रही हड़ताल से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने प्रभावी रणनीति तय की है। जिसके चलते मंगलवार को यातायात बाधित होने की समस्या पैदा नहीं हुई है। आगरा दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर साल के पहले दिन यानी सोमवार को मंडी चौराहे के आसपास हुए ट्रक चालकों के चक्का जाम को देखते हुए हाइवे पर पुलिस ने पेट्रोलिंग बढा दी है। वहीं थाना प्रभारी भी लगातार नजर बनाए हुए हैं ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रह सके। एसपी सिटी डा.अरविंद कुमार ने बताया कि हाइवे पर पुलिस की पेट्रोलिंग बढा दी गई है। हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। पीआरवी के साथ थाना पुलिस भी सक्रिय है।

# आईपीएल 2024 ने तोड़े बड़े रिकार्ड देखने वालों की संख्या में हुआ कई गुना इजाफा



हाल ही में आईपीएल 2024 मिनी ऑक्शन के वॉच टाइम का आंकड़ा सामने आया है। जिसे देखने वालों की संख्या पिछली नीलामियों से कई गुना ज्यादा पाई गई है। आईपीएल 2024 के लिए दुबई में हुई मिनी ऑक्शन को पिछले साल की तुलना में 29 प्रतिशत ज्यादा दर्शकों ने टीवी पर लाइव देखा है। आईपीएल 2024 की मिनी नीलामी ने कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस नीलामी में सिर्फ खिलाड़ियों पर ही पैसे की बरसात नहीं हुई है बल्कि, ब्रॉडकास्टिंग इतिहास में भी इस नीलामी ने नए आयाम कायम किए हैं। बता दें कि, हाल ही में मिनी ऑक्शन के वॉच टाइम का आंकड़ा सामने आया है। जिसे देखने वालों की संख्या पिछली नीलामियों से कई गुना ज्यादा पाई गई है। आईपीएल 2024 के लिए दुबई में हुई मिनी ऑक्शन को पिछले साल की तुलना में 29 प्रतिशत ज्यादा दर्शकों ने टीवी पर लाइव देखा है। इस नीलामी को कुल 22.8 मिलियन लोगों ने लाइव देखा, जो कि एक रिकॉर्ड है। स्टार स्पोर्ट्स के एक बयान में कहा गया कि नीलामी जो 6 घंटे से ज्यादा समय तक चली। दुबई में आयोजित हुइ इस नीलामी को 0.92 बिलियन मिनट तक देखा गया है। ये समय पिछली ऑक्शन की तुलना में 57 प्रतिशत ज्यादा है। आईपीएल 2023 नीलामी ने पिछले साल वॉच टाइम का सबसे ज्यादा रिकॉर्ड दर्ज किया था। लेकिन इस बार हुई ऑक्शन ने नया रिकॉर्ड दर्ज कर लिया है। स्टार स्पोर्ट्स के बयान के अनुसार 505 मिलियन दर्शकों ने आईपीएल 2023 का सीधा प्रसारण देखा था, जो किसी भी टूर्नामेंट के संस्करण के लिए सबसे ज्यादा था।

# सीरीज गंवाने से बचने के लिये भारतीय गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



भारतीय गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना होगा ताकि विश्व चौम्पियनशिप अंक तालिका में ऊपर आने का रास्ता बन सके। हरफनमौला रविंद्र जडेजा की वापसी से मध्यक्रम संतुलित होगा और बीच के ओवरों में पुरानी कूकाबूरा से वह प्रभावी साबित होंगे। पहले टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद वापसी के लिये भारतीय गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना होगा ताकि विश्व चौम्पियनशिप अंक तालिका में ऊपर आने का रास्ता बन सके। इस समय विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप 2023 . 25 चक्र में दक्षिण अफ्रीका शीर्ष पर है जबकि भारत छठे स्थान पर है। हरफनमौला रविंद्र जडेजा की वापसी से मध्यक्रम संतुलित होगा और बीच के ओवरों में पुरानी कूकाबूरा से वह प्रभावी साबित होंगे। भारत के लिये तीसरे और चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका अहम होगी। प्रसिद्ध कृष्णा अभी टेस्ट क्रिकेट के लिये तैयार नहीं हैं और शार्दुल ठाकुर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। बल्लेबाजों में शीर्ष तीन यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर के खराब फॉर्म ने टीम की चिंता बढा दी है। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों के बाउंसर झेलने होंगे। पहले टेस्ट की पहली पारी में केएल राहुल और दूसरी पारी में विराट कोहली को छोड़कर भारत का कोई बल्लेबाज सेंचुरियन में अतिरिक्त उछाल का सामना नहीं कर सका। नये विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप चक्र में एक हार और एक ड्रॉ के बाद भारत जीत के लिये बेताब होगा। इस मैदान पर हालांकि पिछले छह में से चार मैच भारत गंवा चुका है। पिछले छह सप्ताह कप्तान रोहित शर्मा के लिये अच्छे नहीं रहे हैं जो वनडे विश्व कप फाइनल की हार के बाद उबरने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद सेंचुरियन में ढाई दिन के भीतर टेस्ट में पारी और 32 रन के अंतर से हार ने उनकी समस्यायें बढा दी है। अब ऐसे में नये साल की शुरूआत यहां न्यूलैंड्स पर जीत के साथ करने के लिये वह बेताब होंगे। इस मैदान पर दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी है। इस टेस्ट के बाद विदा ले रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गार नहीं चाहेंगे कि महेंद्र सिंह धोनी के बाद यहां टेस्ट श्रृंखला ड्रॉ कराने वाले रोहित भारत के दूसरे कप्तान बनें। यहां टॉस की भूमिका अहम होगी क्योंकि तापमान 33 . 34 के बीच है और पिच पर हरी घास है। यह पिच बल्लेबाजों की मददगार हो सकती है जिस पर स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। ऐसे में जडेजा के फिट होने पर टीम में रविचंद्रन अश्विन को रखने के कोई मायने नहीं है। रोहित को यह भी देखना होगा कि वह अपने विशेषज्ञ बल्लेबाजों पर भरोसा करके शार्दुल और प्रसिद्ध की जगह मुकेश कुमार या आवेश खान को जगह देंगे। मुकेश ने नेट पर अतिरिक्त अभ्यास किया और वह शार्दुल से अधिक प्रभावी है। वहीं आवेश लाल गेंद से अतिरिक्त उछाल का फायदा उठा सकते हैं। बल्लेबाजों की मददगार पिच पर एल्गार, एडेन मार्कराम, टोनी डि जोर्जी, कीगन पीटरसन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। ऐसे में नयी गेंद की भूमिका अहम होगी। जसप्रीत बुमराह दुआ करेंगे कि आसमान में बादल घिरे हों और पहले टेस्ट की तरह वह बदकिस्मत साबित नहीं हो जब भारत की फील्डिंग भी लचर साबित हुई थी। कप्तान रोहित को बल्लेबाजी में अपना हुनर दिखाना होगा। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने उन्हें बार बार परेशान किया है। लुंगी एंगिडि भी उतने ही खतरनाक गेंदबाज हैं। विराट कोहली पहले टेस्ट में अच्छे फॉर्म में दिखे और यहां उन्हें टिककर पारी के सूत्रधार की भूमिका निभानी होगी। भारतरू रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन (दूसरा टेस्ट)। दक्षिण अफ्रीकारू तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्कराम, टोनी डी जोरजी, डीन एल्गार, कीगन पीटरसन, काइल वेरिन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), नांद्रे बर्गर, मार्को यानसन, वियान मुल्डर, गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, डेविड बेडिंघम।

# टी20 क्रिकेट में रोहित शर्मा की होगी वापसी! कुछ दिन में हो सकता है स्क्वाड का ऐलान



अफगानिस्तान के खिलाफ इसी महीने से शुरू होने वाली टी20 सीरीज से रोहित शर्मा टीम इंडिया में वापसी करेंगे। अगर इस सीरीज में रोहित की वापसी होती है तो इसका मतलब साफ है कि बीसीसीआई टी20 वर्ल्ड में उन्हें टीम इंडिया की कमान देने की तैयारी में है।एक साल के लंबे ब्रेक के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की टी20 क्रिकेट में जल्द ही वापसी हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान के खिलाफ इसी महीने से शुरू होने वाली टी20 सीरीज से रोहित शर्मा टीम इंडिया में वापसी करेंगे। अगर इस सीरीज में रोहित की वापसी होती है तो इसका मतलब साफ है कि बीसीसीआई टी20 वर्ल्ड में उन्हें टीम इंडिया की कमान देने की तैयारी में है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा ही करेंगे। इस रिपोर्ट में बोर्ड अधिकारी के हवाले से ये भी लिखा गया है कि हमने रोहित शर्मा से लंबी बातचीत की है। वह टी20 वर्ल्ड कप में कप्तानी करने को तैयार है। साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज के ठीक बाद भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। टी20 वर्ल्ड कप के पहले टीम इंडिया की आखिरी टी20 सीरीज है। ऐसे में भारत को वर्ल्ड कप के लिहाज से टीम कॉम्बिनेशन समेत अन्य चीजों को ट्राय करने की संभवत ये आखिरी मौका होगा। यही कारण है कि ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है। ता दें कि, अब तक माना जा रहा था कि रोहित अफगानिस्तान सीरीज का हिस्सा शायद ही बने। ये भी दावे किए जा रहे थे कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भी रोहित शर्मा नहीं होंगे। ऐसे कयास इसलिए भी लगाए जा रहे थे क्योंकि रोहित पिछले टी20 वर्ल्ड कप के बाद से ही किसी भी टी20 इंटरनेशनल का हिस्सा नहीं रहे हैं। हार्दिक पंड्या की दावेदारी भी इसकी बड़ी वजह थी। हालांकि, कुछ ही दिनों में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम के स्क्वॉड का ऐलान हो सकता है। जिसमें कप्तानी की जिम्मेदारी रोहित शर्मा के कंधों पर हो सकती है।

# आखिरी टेस्ट मैच से पहले डेविड वार्नर की डेब्यू कैप हुई चोरी, आस्ट्रेलियाई ओपनर ने की भावुक अपील



नए साल पर वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने वाले डेविड वॉर्नर के साथ आखिरी टेस्ट से पहले एक घटना हो गई। दरअसल, वॉर्नर की टेस्ट कैप ही चोरी हो गई है। इसके लिए उन्होंने एक भावुक अपील भी की है। उन्होंने अपील की है कि जिसे ही ये मिले वह उसे लौटा दे। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 3 जनवरी से अपना आखिरी टेस्ट मैच खेलेंगे। ये मुकाबला सिडनी के क्रिकेट ग्राउंड पर पाकिस्तान के खिलाफ खेला जाएगा। नए साल पर वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने वाले डेविड वॉर्नर के साथ आखिरी टेस्ट से पहले एक घटना हो गई। दरअसल, वॉर्नर की टेस्ट कैप ही चोरी हो गई है। इसके लिए उन्होंने एक भावुक अपील भी की है। उन्होंने अपील की है कि जिसे ही ये मिले वह उसे लौटा दे। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर डेविड वॉर्नर ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने बताया कि उनके आखिरी टेस्ट से पहले सिडनी जाते समय उनकी कुछ चीजें गायब हो गई हैं, जिसमें उनकी बेशकीमती बैगी ग्रीन कैप भी है। डेविड वॉर्नर ने लोगों से उनके सामान को ढूंढने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी उनकी कैप को ढूंढ़कर लाएगा वो उसे एक एक बैकपैक देंगे। वॉर्नर ने बताया कि दोनों डेब्यू कैप उसी बैक में थीं। एससीजी पिंक टेस्ट से पहले डेविड वॉर्नर जैन मैक्ग्रा फाउंडेशन पर पिंक कैप पहने नजर आए। वॉर्नर अपने टेस्ट और वनडे करियर के पूरा होने पर फॉक्स क्रिकेट कमेंट्री टीम में शामिल होंगे। अगर बैकपैक या बेगी ग्रीन कैप मिलती है तो उन्हें आर्टारमोन, सिडनी में फॉक्स स्पोर्ट्स मुख्यालय में वापस कर सकते हैं। ये अपील फॉक्स क्रिकेट की ओर से की गई है।

# घरेलू मैदान पर हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगा भारत, हरमनप्रीत के प्रदर्शन पर होगी निगाह

भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार नौ मैच से चला आ रहा हार का सिलसिला खत्म करने की कोशिश करेगी। पिछले दो मैच में करीबी अंतर से पराजय झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार नौ मैच से चला आ रहा हार का सिलसिला खत्म करने की कोशिश करेगी। इस मैच में सभी का ध्यान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के प्रदर्शन पर टिका रहेगा। भारत ने वनडे श्रृंखला से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच जीते थे। इन दोनों मैच और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे मैच में हरमनप्रीत अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। हरमनप्रीत ने इस सत्र में अब तक सभी प्रारूप में जो आठ पारियां खेली हैं उनमें से केवल तीन पारियों में वह दोहरे अंक तक पहुंच पाई। इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर 49 रन रहा जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में बनाया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच की एकमात्र पारी में हरमनप्रीत खाता भी नहीं खोल पाई थी जबकि पहले दो वनडे में उन्होंने 9 और 5 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने यह दोनों में जीत कर तीन मैच की श्रृंखला में 2–0 से अजेय बढ़त हासिल कर रखी है।पहले मैच में भारतीय गेंदबाज नहीं चल पाए थे और 8 विकेट पर 282 रन बनाने के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था। दूसरे मैच में भारत का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा था और उसने सात कैच छोड़े थे। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच तीन रन से जीता था। दूसरे मैच में रिचा घोष ने 113 गेंद पर 96 रन की लाजवाब पारी खेली थी जबकि जेमिमा रोड्रिग्स ने बल्लेबाजी में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा था। रिचा घोष नंबर तीन पर भारत की नई स्टार है जो टीम को आक्रामक शुरुआत देने में सक्षम है।दूसरी तरफ अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा पर दबाव होगा क्योंकि पिछले मैच में अच्छी स्थिति में होने के बावजूद वह टीम कोलक्ष्य तक नहीं पहुंचा पाई थी। भारतीय टीम के लिए हालांकि सबसे बड़ी चिंता क्षेत्ररक्षण में खराब प्रदर्शन है। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने स्वीकार किया कि टीम को इस विभाग में सुधार करने की जरूरत है। भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान का फरवरी 2007 के बाद से नहीं हरा पाई है और अगर उसे हार का यह सिलसिला खत्म करना है तो उसकी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस बीच मजूमदार ने पुष्टि की कि स्नेह राणा तीसरे मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेगी। वह दूसरे वनडे में क्षेत्ररक्षण करते समय पूजा वस्त्राकर से टकराकर चोटिल हो गई थी। जहां तक ऑस्ट्रेलिया की बात है तो वह श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा। उसकी कप्तान एलिसा हीली

# आस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वार्नर ने ओडीआई से ली रिटायरमेंट, अंतिम टूर्नामेंट था वर्डकप 2023

नए साल के मौके पर सोमवार को उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करना महान फैसला है। टेस्ट मैचों से संन्यास लेने के बाद उन्होंने घोषणा की कि वो वनडे फॉर्मेट को भी अलविदा कहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ ओपनिंग बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नए साल के पहले ही दिन डेविड वॉर्नर ने एक दिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया है। बाएं हाथ के इस अनुभवी बल्लेबाज ने अपने इस फैसले से फैंस को हैरान कर दिया है। बता दें कि डेविड वॉर्नर तीन जनवरी से करियर का अंतिम टेस्ट मैच खेलने मैदान पर उतरेंगे, जो पाकिस्तान के खिलाफ होने वाला है। प्रतिष्ठित सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में ये मुकाबला होना है, जो उनके करियर का अंतिम टेस्ट मैच होगा। डेविड वार्नर आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के दौरान ही ऐलान कर चुके थे कि पाकिस्तान के साथ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का अंतिम मुकाबला उनके टेस्ट करियर का आखिरी मैच होगा। फॉक्स क्रिकेट की मानें तो डेविड वॉर्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच से पहले एकदिवसीय मैच से भी संन्यास लेने का ऐलान किया है। नए साल के मौके पर सोमवार को उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करना महान फैसला है।

# लाल, हरी, पीली शिमला मिर्च... हर रोज खाने के लिए हेल्थ के हिसाब से कौन सा है बेहतर

लाल, हरी और पीली शिमला मिर्च पोषण से भरपूर होता है. इसे आप रोजाना खा सकते हैं या नहीं? लाल, हरी और पीली इन तीनों शिमला मिर्च में से पोषण तत्व से भरपूर कौन सा है? आज हम इस पर बात करेंगे. साथ ही जानेंगे हर रोज खाने में तीनों में से कौन सी वाली शिमला मिर्च सबसे बेहतर है? इन सभी सवालों के जवाब आज हम इस आर्टिकल के जरिए देंगे. यदि आप हाई विटामिन ए और सी को अपनी डाइट में शामिल करना चाहते हैं तो लाल शिमला मिर्च आपकी पसंदीदा पसंद हो सकती है. इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन के होता है.लाल शिमला मिर्चलाल शिमला मिर्च, सबसे अधिक परिपक्व होने के कारण, सबसे मीठी होती है और इसमें कुछ पोषक तत्वों का स्तर उच्चतम होता है. लाल शिमला मिर्च में हरे और पीले रंग की तुलना में अधिक विटामिन ए होता है. स्वस्थ त्वचा, दृष्टि और इम्युनिटी को बनाए रखने के लिए विटामिन ए जरूरी होता है. इसके अलावा लाल शिमला मिर्च में आमतौर पर हरी और पीली मिर्च की तुलना में विटामिन सी का लेवल अधिक होता है.



विटामिन सी एक एंटीऑक्सीडेंट है जो इम्युनिटी को मजबूत करता है और शरीर को आयरन को अवशोषित करने में मदद करता है.

ग्रीन शिमला मिर्च

हरी शिमला मिर्च की कटाई पूरी तरह पकने से पहले की जाती है, इसलिए लाल शिमला मिर्च की तुलना में उनका स्वाद थोड़ा अधिक कड़वा होता है. हालाँकि, वे विटामिन के का उत्कृष्ट स्रोत हैं, जो रक्त के थक्के जमने और हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है.गोयल ने बताया कि हरी शिमला मिर्च भी अच्छी मात्रा में विटामिन सी प्रदान करती है.पीली शिमला मिर्च

परिपक्वता और पोषण सामग्री के मामले में पीली शिमला मिर्च लाल और हरे रंग के बीच में आती है. उनका स्वाद लाल शिमला मिर्च की तुलना में हल्का होता है लेकिन फिर भी मीठा स्वाद देता है. लाल और हरी शिमला मिर्च की तरह, पीली शिमला मिर्च भी विटामिन ए और सी से भरपूर होती है. स्वाद के मामले में अगर तीनों शिमला मिर्च की तुलना करें लाल शिमला मिर्च

ये सबसे मीठी होती हैं और इनका स्वाद थोड़ा फल जैसा होता है. वे उन व्यंजनों में अच्छा काम करते हैं जहां मीठा या धुएँ के रंग का स्वाद वांछित होता है, जैसे भुनी हुई सब्जियाँ या भरवां मिर्च.हरी शिमला मिर्च लाल मिर्च की तुलना में हरी मिर्च का स्वाद अधिक तीव्र और थोड़ा कड़वा होता है। इन्हें अक्सर फैजिटास, स्टर–फ्राई जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों में या सलाद में कुरकुरे व्यंजन के रूप में उपयोग किया जाता है.पीली शिमला मिर्च हरी मिर्च की तुलना में पीली मिर्च हल्का और मीठा स्वाद प्रदान करती है, जो उन्हें विभिन्न व्यंजनों के लिए एक बहुमुखी विकल्प बनाती है. वे उन लोगों के लिए बहुत अच्छे हैं जो अपने व्यंजनों में सूक्ष्म स्वाद पसंद करते हैं.खाना पकाने में किया गया इस्तेमाल

लाल शिमला मिर्चपकने के कारण, लाल मिर्च नरम होती है और भूनने और ग्रिल करने में अच्छी होती ह मीठे और रसदार क्रंच के लिए इन्हें सलाद में कच्चा भी इस्तेमाल किया जा सकता है।हरी शिमला मिर्च हरी मिर्च की बनावट मजबूत होती है,

# हर बार सीने में दर्द हार्ट अटैक नहीं होता, हो सकती है फेफड़ों से जुड़ी ये बीमारी

आमतौर पर हार्ट अटैक का सबसे बड़ा संकेत सीने में दर्द होना होता है. लेकिन सीने में दर्द केवल हार्ट अटैक हो ऐसा जरूरी नहीं है, क्योंकि कई मामलों में यह बात सामने आई है कि सीने में दर्द की समस्या का कनेक्शन फेफड़ों से भी हो सकता है और इसके कारण हार्ट अटैक से भी गंभीर स्थिति हो सकती है. तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि सीने में दर्द फेफड़ों की किस बीमारी की ओर संकेत करता है और हमें इससे कैसे बचना चाहिए.

साधारण सीने में दर्द हो सकता है पल्मोनरी एम्बोलिज्म

पल्मोनरी एम्बोलिज्म एक फेफड़ों की स्थिति है, जिसमें लंग्स में ब्लड क्लॉट बन जाते हैं. यह फेफड़ों की आर्टरी में ब्लड सर्कुलेशन को रोकते हैं. ज्यादातर ब्लड क्लॉट पैरों की नसों से शुरू होकर फेफड़ों तक जाता है और यह स्थिति काफी गंभीर होती है. अगर किसी को बार–बार सीने में दर्द हो रहा है, सांस लेने में तकलीफ है, चलने फिरने या बोलने में सांस फूलती है या दिक्कत होती है, तो आपको तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए क्योंकि यह लंग्स क्लॉटिंग के कारण हो सकता है.फेफड़ों में क्लॉटिंग के लक्षण

फेफड़ों में क्लॉटिंग होने के सामान्य लक्षणों में सांस लेने में कठिनाई होना, सीने में दर्द होना, बेहोश हो जाना, हार्टबीट का कंट्रोल न रहना, तेज दिल का धड़काना, पसीना आना, बुखार आना और पैरों में सूजन होना आम है.लंग क्लॉट और हार्ट अटैक में अंतरलंग्स क्लॉट की कंडीशन में आपको ऐसा महसूस होगा जैसे दिल का दौरा पड़ रहा हो, इसमें दर्द अक्सर तेज होता है और जब आप गहरी सांस लेते हैं तो दर्द और ज्यादा बढ़ जाता है. इतना ही नहीं खाते, छींकते या झुकते समय भी फेफड़े या सीने में अजीब सा दर्द होता है. लंग्स क्लॉट से कैसे बचें अब बात आती है कि लंग्स क्लॉट से कैसे बचा जा सकता है, तो इससे बचने के लिए आपको एक बैलेंस डाइट लेना बहुत जरूरी है, फिजिकली फिट और एक्टिव रहना चाहिए. स्मोकिंग से बचना चाहिए, लंबे समय तक क्रॉस करके नहीं बैठना चाहिए, टाइट फिटिंग के कपड़े नहीं पहनना चाहिए और वजन को नियंत्रित करना चाहिए.



# जूनियर एनटीआर ने फैंस को दी नए साल की बधाई, देवरा के नए पोस्टर के साथ किया टीजर की रिलीज डेट का एलान

देवरा जूनियर एनटीआर की कोरटाला शिवा के साथ आने वाली फिल्म 2024 की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है. फिल्म में जान्हवी कपूर, सैफ अली खान, प्रकाश राज, शाइन टॉम चाको और कई अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं. हाल के दिनों में फिल्म की पहली झलक की रिलीज डेट नजदीक होने को लेकर कई अफवाहें सामने आई हैं, लेकिन अब फिल्म के एक्टर जूनियर एनटीआर ने पहली झलक की रिलीज की तारीख का खुलासा कर दिया है.नंदामुरी बालकृष्ण ने एक मीडिया बातचीत में पुष्टि की थी कि जैसे ही निर्माता वीएफएक्स से संतुष्ट होंगे, रिलीज की तारीख की घोषणा की जाएगी. इसके अलावा संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर ने टीजर पर अपनी प्रतिक्रिया भी सोशल मीडिया पर साझा की थी.

प्रतिभाशाली टॉलीवुड अभिनेता जूनियर एनटीआर शिव कोराटाला द्वारा निर्देशित देवारारू भाग 1 में दिखाई देंगे. पैन इंडियन फिल्म में जान्हवी कपूर लीड एक्ट्रेस के रूप में हैं. यह फिल्म 5 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. जूनियर एनटीआर ने एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें ऐलान किया गया है कि देवरा की पहली झलक 8 जनवरी, 2024 को सामने आएगी. अब प्रशंसक बेसब्री से झलक के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं.

वहीं, फिल्म एनालिस्ट तरण आदर्श ने भी फिल्म का पोस्टर जारी किया है और इस बात की जानकारी दी है. साथ ही उन्होंने बताया है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर भी हैं. इस पोस्ट में बताया गया है कि फिल्म का पहला पार्ट 5 अप्रैल 2024 को आ रहा है. इसका मतलब है कि फिल्म दो भागों में बन रही है. बता दें कि यह जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म है और इसके कुछ पोस्टर पहले भी जारी हो चुके हैं. जारी किए गए पोस्टर्स में अब तक जूनियर एनटीआर के साथ–साथ




सैफ अली खान और जान्हवी कपूर के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं. फिल्म के पोस्टर्स में अबतक समुद्र को ही ज्यादातर बैकड्रॉप में दिखाया गया है. ऐसे में फिल्म की कहानी के समुद्र से जुड़े होने की उम्मीद जताई जा रही है.

# अक्षय–टाइगर ने नए साल पर दिया खास तोहफा, बड़े मियां छोटे मियां से नया लुक हुआ जारी

साल 2024 में अक्षय कुमार मल्टीपल प्रोजेक्ट्स लेकर आ रहे हैं। इस साल उनकी कई फिल्में रिलीज के लिए पाइप लाइन में हैं। इस लिस्ट में बड़े मियां छोटे मियां का नाम भी शामिल है। अक्षय कुमार ने नए साल के मौके पर फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया है।अक्षय कुमार ने 1 जनवरी को अपने फैंस को न्यू ईयर विश किया। एक्टर ने इसके लिए बड़े मियां छोटे मियां वाला अंदाज चुना। अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर बड़े मियां छोटे मियां का नया पोस्टर जारी किया। पोस्टर में अक्षय, टाइगर श्रॉफ के साथ जेट स्कीइंग करते हुए फुल एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने पोस्ट के कैप्शन में न्यू ईयर विश करते हुए कहा, आपका नया साल



बड़ा बने, छोटी छोटी खुशियों से। बड़े मियां छोटे मियां की तरफ से हैप्पी न्यू ईयर। थिएटर्स में मिलने के लिए 2024 की ईद बुक करना न भूले। चलिए 2024 में धमाल मचाते हैं।बड़े मियां छोटे मियां के रिलीज की बात करें तो ये मच अवेटेड फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। फिल्म साल 2024 में ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। बड़े मियां छोटे मियां में जबरदस्त एक्शन सीन देखने को मिलेगा। फिल्म के कई स्टंट सीन्स को हॉलीवुड के एक्शन एक्सपर्ट की टीम के साथ शूट किया गया है। वहीं, स्टार कास्ट की बात करें, तो बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं।

# सालार के बवाल के आगे डंकी का भी चला जादू, 400 करोड़ क्लब में शामिल होने को तैयार शाहरुख की फिल्म

शाह रुख खान की फिल्म डंकी बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। फिल्म की रफ्तार धीमी है, लेकिन लगातार आगे बढ़ती जा रही है। अब न्यू ईयर से पहले ही फिल्म को सेलिब्रेशन का मौका मिल गया है।पठान और जवान के साथ बैक–टू–बैक एक्शन ब्लॉकबस्टर देने के बाद डंकी साल 2023 में शाह रुख की तीसरी और आखिरी रिलीज है। डंकी का वर्ल्डवाइड बिजनेस 400 करोड़ के करीब पहुंच गया है। बस कुछ दिनों में फिल्म इस जादुई आंकड़े को पार कर जाएगी।

शाह रुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने डंकी की लेटेस्ट ओवरसीज



बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट शेयर की है। एक्स पर वर्ल्डवाइड कलेक्शन का पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है– ये कहानी हार्डी ने शुरू की थी... लेकिन इसे ढेर सारा प्यार आपने दिया है। इस प्यार भरे सफर का हिस्सा बनने के लिए शुक्रिया।

डंकी की लेटेस्ट ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने दुनियाभर में 361.30 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। इसके साथ ही कुछ दिनों में डंकी 400 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी।

डंकी में शाह रुख खान ने लीड रोल निभाया है। फिल्म में उनके साथ तापसी पन्नू, विक्की कौशल, बोमन ईरानी, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर भी शामिल हैं। डंकी का डायरेक्शन राजकुमार हिरानी ने किया है। उन्होंने फिल्म की कहानी कनिका ढिल्लन और अभिजात जोशी के साथ मिलकर लिखा है।डंकी चार दोस्तों की कहानी है जो यूके जाना चाहते हैं। सारे पैंतरे आजमाने के बाद जब वे कानूनी रास्ते पर चलने में असफल हो जाते हैं, तो वे डंकी का रास्ता चुनते हैं। फिल्म इन चारों दोस्त के पंजाब से ब्रिटेन तक पहुंचने के संघर्ष को दिखाती है।

# एक महीने बाद भी बाक्स आफिस पर दहाड़ रही है एनिमल, फिल्म ने 31वें दिन भी की करोड़ो में कमाई

रणबीर कपूर की हालिया रिलीज फिल्म श्एनिमलश्च ने बॉक्स ऑफिस पर खूब बवाल मचाया है. संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित इस क्राइम थ्रिलर को दर्शकों से शानदार रिस्पॉन्स मिला. ए सर्टफिकेट और 3 घंटे से ज्यादा का रनटाइम फिल्म के फेवर में ही रहा और इसे देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की खूब भीड़ उमड़ी. इसी के साथ इस फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई भी की. यहां तक कि एक महीना हो जाने के बाद भी एनिमल की कमाई का सिलसिला जारी है. चलिए यहां जानते हैं रणबीर कपूर स्टारर ने रिलीज के 31वें दिन यानी पांचवें संडे को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?

रणबीर कपूर की एनिमल ने 63 करोड़ से ज्यादा के कलेक्शन के साथ बंपर ओपनिंग की थी और इसके बाद भी इस फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की. यहां तक कि शाहरुख खान की डंकी और प्रभास की सालार भी एनिमल के कोहराम को रोक नहीं पाई हैं और रिलीज के एक महीने बाद भी एनिमल करोड़ों में कमाई कर रही है. फिल्म अब रिलीज के पांचवे हफ्ते में है और इसकी बॉक्स ऑफिस पर पकड़ मजबूत बनी हुई है. एनिमलश्च की कमाई की बात करें तो फिल्म ने पहले



हफ्ते में 337.58 करोड़, दूसरे हफ्ते में 139.26 करोड़, तीसरे हफ्ते में 54.45 करोड़ और चौथ हफ्ते में 9.57 करोड़ की कमाई की थी. वहीं रिलीज के पांचवे शुक्रवार को श्एनिमलश्च का कलेक्शन 1 करोड़ और पांचवें शनिवार को 1.4 करोड़ रहा. वहीं अब फिल्म की रिलीज के पांचवें संडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक एनिमलश्च ने रिलीज के पांचवें संडे को 1.60 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साछ श्एनिमलश्च की 31 दिनों की कुल कमाई अब 544.86 करोड़ रुपये हो गई है. एनिमलश्च की स्टार कास्ट की बात करें तो इस फिल्म में कई शानदार एक्टर्स ने काम किया है. फिल्म में रणबीर कपूर, बॉबी देओल, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना. तृप्ति डिमरी सहित कईं स्टार्स ने अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवाया है. ये फिल्म 1 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी.बता दें कि श्एनिमलश्च का निर्देशन कबीर सिंह फेम डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने किया है.

# सर्दी के मौसम में मोनालिसा ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा, फैंस के साथ शेयर किया इतना ग्लैमरस लुक



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा को वैसे तो कई प्रोजेक्ट्स में अपनी का जादू चलाते देखा गया है. उन्हें हर अंदाज में दर्शकों का खूब दिल जीता. हालांकि, अपने किसी भी प्रोजेक्ट से ज्यादा मोनालिसा हमेशा अपने लुक्स और बोल्डनेस के कारण चर्चा में रही हैं. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. उनकी प्रोफेशनल लाइफ की झलक अक्सर उनके इंस्टग्राम पेज पर देखने को मिल जाती है. मोनालिसा अब फिर से कुछ देर पहले ही अपना नया लुक दिखाते फैंस के साथ एक फोटो शेयर की है. इसमें एक्ट्रेस टू पीस पहने नजर आ रही हैं.इस फोटो में एक्ट्रेस गोवा वेकेशन्स के दौरान कैमरे के सामने किलर पोज दे रही हैं. यहां वह स्वीमिंग पूल के पास खड़ी नजर आ रही हैं. मोनालिसा का ये हॉट अवतार कड़कड़ाती ठंड में इंटरनेट का पारा जरूर हाई कर रहा है.

मोनालिसा ने अपने इस लुक को सटल बेस, डार्क पिंक लिप्स और न्यूड आईज के साथ कंप्लीट किया है. इसके साथ मोनालिसा ने अपने बालों को मैसी टच देकर ओपन रखा हुआ है. एक्ट्रेस इस लुक में बेहद हॉट दिख रही हैं. वहीं, कुछ ही देर में मोनालिसा की फोटो पर हजारों लाइक्स आ चुके हैं. वहीं, फैंस ने उन्हें हॉट, फैब्युलेस और स्टनिंग बताते हुए कई कमेंट्स किए हैं.मोनालिसा के वर्क फ्रंट पर नजर डालें तो वह लंबे वक्त से कुछ चुनिंदा प्रोजेक्ट्स के लिए

साइन कर रही हैं. पिछली बार उन्हें इसी साल टेलीकास्ट हुए हिन्दी टीवी शो बेकाबू में देखा गया था. शालीन भनोट के लीड रोल वाले इस शो में मोनालिसा को भी दमदार रोल में देखा गया था. हालांकि, यह सीरियल कुछ ही समय में ऑफ एयर हो गया.

# दुनियाभर में 600 करोड़ क्लब का हिस्सा बनी सालार, फिल्म के दमदार कलेक्शन के साथ प्रभास के नाम हुआ ये रिकार्ड

प्रभास की फिल्म सालार शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है।22 दिसंबर को रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। इस फिल्म ने अब तक कई रिकॉर्ड बनाए हैं और यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बन चुकी है।सालार का देश में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में डंका बज रहा है।अब सालार ने दुनियाभर में 600 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।निर्माताओं ने सालार के आधिकारिक एक्स हैंडल पर फिल्म के 600 करोड़ी बनने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह फिल्म दुनियाभर में 625 करोड़ रुपये कमा चुकी है।निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, मुझे माफ करना खानसार। अजेय, सालार ने दुनियाभर में 625 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।भारतीय बॉक्स ऑफिस इस फिल्म ने 344.67 करोड़ रुपये कमाए हैं। बता दें कि सालार के 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने के साथ ही प्रभास पहले ऐसे साउथ एक्टर बन गए हैं जिनकी 3 फिल्मों ने 600 करोड़ से ज्यादा कमाई की है. इस लिस्ट में पहले नंबर पर बाहुबली है जिसने दुनियाभर में 650 करोड़ कमाए थे. वहीं दूसरे नंबर पर बाहुबली 2 है, जिसने 1788 करोड़ का दमदार कलेक्शन किया था.



# काफी विद करण 8 में नजर आएंगी जाह्नवी कपूर, बहन खुशी कपूर भी रहेंगी मौजूद

करण जौहर का सबसे चर्चित रियलिटी शो कॉफी विद करण अपने 8वें सीजन के साथ सुर्खियों में छाया हुआ है।शो में अब तक कई जोडियां नजर आ चुकी हैं, जिन्होंने समझदारी से करण के सवालों का सामना किया।अब कॉफी विद करण 8 का नया प्रोमो सामने आ चुकी है।इस सप्ताह करण के सवालों का सामना अभिनेत्री जाह्नवी कपूर करने वाली हैं। इस दौरान जाह्नवी के साथ उनकी बहन और अभिनेत्री खुशी कपूर भी मौजूद रहेंगी।सामने आए प्रोमो वीडियो में करण, खुशी और जाह्नवी से ढेर सारी बातें करते नजर आ रहे हैं।करण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कॉफी विद करण 8 का नया प्रोमो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, हम कपूर बहनों के साथ नए साल की शुरुआत कर रहे हैं। पहली बार बहनों की जोड़ी को कॉफी विद करण 8 के नवीनतम एपिसोड में देखें।यह एपिसोड गुरुवार (4 जनवरी) को डिज्नीहॉटस्टार पर आएगा।

# सुशांत सिंह राजपूत की आखिरी तस्वीर देख सन्न रह गई थीं अंकिता लोखंडे, कहा– वह एक बात से टूट गया था

अंकिता लोखंडे निर्विवाद रूप से सलमान खान के रियलिटी शो के सबसे चर्चित प्रतियोगियों में से एक हैं। चाहे वह अपने पति विक्की जैन के साथ उनकी बहस हो या मन्नारा चोपड़ा के साथ कड़वे रिश्ते या सुशांत सिंह राजपूत की यादें, टीवी स्टार सुर्खियों में आने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। बिग बॉस 17 नवीनतम अपडेटरू अंकिता लोखंडे निर्विवाद रूप से सलमान खान के रियलिटी शो के सबसे चर्चित प्रतियोगियों में से एक हैं। चाहे वह अपने पति विक्की



जैन के साथ उनकी बहस हो या मन्नारा चोपड़ा के साथ कड़वे रिश्ते या सुशांत सिंह राजपूत की यादें, टीवी स्टार सुर्खियों में आने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। पवित्र रिश्ता एक्ट्रेस ने बार–बार दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के साथ अपने संबंधों का विवरण साझा किया है। हाल ही में, उन्होंने उस समय को याद किया जब उन्होंने अभिनेता के निधन के दौरान उनकी मृत तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित होती देखी थीं। मुनव्वर फारुकी से बातचीत में उन्होंने कहा, ष्मुझे लगा कि वह सो रहा है। मैं बस तस्वीर देखती रही और सोचा कि उसके दिमाग में बहुत कुछ है। मैं उसे बहुत अच्छी तरह से जानती थी। वह बहुत बुद्धिमान था, उसके दिमाग में बहुत कुछ था।ष उसका मस्तिष्क, लेकिन सब कुछ गायब हो गया। तुम कुछ भी नहीं हो, तुम सिर्फ एक शरीर हो।ष उन्होंने कहा, ष्टूट गया वो किसी चीज से। नहीं होना चाहिए वो। इससे पहले अभिनेता ने खुलासा किया था कि शुद्ध देसी रोमांस में सुशांत सिंह राजपूत के अंतरंग दृश्यों को देखने के बाद वह रोने लगी थीं। इसके बारे में विवरण साझा करते हुए, अंकिता ने कहा था कि सुशांत ने परिणीति चोपड़ा और वाणी कपूर अभिनीत फिल्म देखने के लिए उनके लिए एक पूरा थिएटर बुक किया था। उसने आगे कहा कि वह घर वापस गई और रोई। इसके अलावा, उन्होंने पीके में अनुष्का शर्मा के साथ अपने अंतरंग दृश्यों का भी जिक्र किया। मणिकर्णिका से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली अंकिता लोखंडे ने भी सुशांत से अपने ब्रेकअप के बारे में बात की थी. उन्होंने कहा था कि दिवंगत अभिनेता ने उन्हें अलग होने का कोई कारण नहीं बताया और रातों–रात उन्हें छोड़कर चले गए।

# आमिर खान की बेटी इरा खान और नुपुर शिखार की शादी के शुरु हुए जश्न, घर को खूबसूरत लाइटो से सजाया गया

आमिर खान की बेटी इरा आज अपने बॉयफ्रेंड नुपुर शिखारे के साथ शादी की तैयारी कर रही हैं और जश्न शुरू हो चुका है। इरा खान के वेडिंग वेन्यू का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। क्लिप में इरा खान का घर बैंगनी और सुनहरी रोशनी से सजाया गया है। आमिर खान की बेटी इरा आज अपने बॉयफ्रेंड नुपुर शिखारे के साथ शादी की तैयारी कर रही हैं और जश्न शुरू हो चुका है। इरा खान के वेडिंग वेन्यू का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। क्लिप में इरा खान का घर बैंगनी और सुनहरी रोशनी से सजाया गया है। परिवार अब शादी से पहले उत्सव मना रहे हैं। इरा खान सोशल मीडिया पर अपनी शादी से पहले के उत्सवों के बारे में लगातार अपडेट साझा करती रही हैं। इससे पहले, अभिनेत्री मिथिला पालकर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी स्टोरीज पर एक तस्वीर साझा की थी जिसमें वह दूल्हा और दुल्हन के साथ देखी जा सकती हैं। एक अन्य इंस्टा स्टोरीज में इरा को अपने बॉयफ्रेंड नुपुर के साथ मिथिला और परिवार के दो अन्य सदस्यों के साथ पोज देते देखा जा सकता है। समारोह के लिए इरा ने लाल रंग की साड़ी पहनी थी,



# तेलुगु डेब्यू मायावन की शूटिंग में व्यस्त हैं आकांशा रंजन कपूर

गिल्टी, रे और मोनिका, ओह माय डार्लिंग फेम आकांक्षा रंजन कपूर ने हैदराबाद में अपनी पहली तेलुगु फिल्म मायावन की शूटिंग शुरू कर दी है। यह तेलुगु सिनेमा में उनकी पहली फिल्म है और इसमें संदीप किशन भी हैं। फिल्म का निर्देशन इराइवी, कधलुम कडंधु पोगम, सुधु कव्वुम और पिज्जा जैसी फिल्म डायरेक्ट करने वाले सीवी कुमार ने किया है। आकांशा ने कहा, मैं फिल्म की तैयारी करने और टीम को समझने के लिए शूटिंग शुरू होने से एक सप्ताह पहले हैदराबाद पहुंची। यहां हर कोई विनम्र है। सीवी सर और संदीप बेहद सहयोगी रहे हैं। ऐसा महसूस होता है जैसे पूरी टीम एक परिवार है। उन्?होंने कहा, यह तेलुगु भाषा में मेरी पहली फिल्म है, इसलिए मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती हूं। मैंने एक ट्यूटर की मदद से तेलुगु सीखना शुरू कर दिया है। मैं उम्मीद कर रही हूं कि मैं अपनी लाइन्स को भी डब करूं। यह एक व्यक्तिगत जीत होगी। सीवी कुमार द्वारा निर्देशित मायावन एक मनोरम सिनेमाई यात्रा का वादा करती है, जिसमें आकांशा रंजन कपूर और संदीप किशन की जोड़ी है।

# बकाया श्रण ब्याज सहित 31 जनवरी तक जमा कराना अनिवार्य

संवाददाता

देवरिया जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पाण्डेय ने उ०प्र० अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम लि० द्वारा संचालित टर्मलोन ऋण योजना, मार्जिनमनी एवं शैक्षिक ऋण योजना के अन्तर्गत समस्त ऋण प्राप्त अल्पसंख्यक (मुस्लिम, सिख, इसाई, बौद्ध, पारसी, जैन) समुदाय को अवगत कराया है कि अब तक का देय बकाया ऋण ब्याज सहित 31 जनवरी तक कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी देवरिया में जमा कराकर या बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा–देवरिया के बचत खाता संख्या–12120100017360 में जमा कराकर जमा पर्ची की छायाप्रति कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, देवरिया को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। उपरोक्त तिथि तक देय धनराशि जमा न करने पर भू–राजस्व की भांति वसूली (जिसमें अधिभार पृथक रूप से देय होगा) की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी ऋण बकायेदार की होगी।

# डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर किया जारी

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर इस वर्ष का निर्धारित करते हुए प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान दिवस के लिए अधिकारियों को भी नामित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने प्रथम तीन माहो में आयोजित होने वाले इस दिवस के विवरण में बताया है कि जनवरी माह के प्रथम शनिवार को सदर में जिलाधिकारी, सलेमपुर में मुख्य विकास अधिकारी, रुद्रपुर में अपर जिलधिकारी (प्रशासन), बरहज में अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), भाटपार रानी में सीआरओ तथा तृतीय शनिवार को सलेमपुर में जिलाधिकारी, रुद्रपुर में सीडीओ, बरहज में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), भाटपार रानी में अपर जिलाधिकारी (वि. रा.), देवरिया में सीआरओ की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। फरवरी माह के प्रथम शनिवार को रुद्रपुर में जिलाधिकारी, बरहज में मुख्य विकास अधिकारी, भाटपार रानी में अपर जिलधिकारी (प्रशासन), देवरिया में अपर जिलाधिकारी (वि. रा.), सलेमपुर में मुख्य राजस्व अधिकारी तथा तृतीय शनिवार को बरहज में जिलाधिकारी, भाटपार रानी में सीडीओ, देवरिया में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), सलेमपुर में अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), रुद्रपुर में मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। मार्च माह के प्रथम शनिवार को भाटपार रानी में जिलाधिकारी, देवरिया में मुख्य विकास अधिकारी, सलेमपुर में अपर जिलधिकारी (प्रशासन), रुद्रपुर में अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), बरहज में मुख्य राजस्व अधिकारी तथा तृतीय शनिवार को देवरिया में जिलाधिकारी, सलेमपुर में मुख्य विकास अधिकारी, रुद्रपुर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), बरहज में अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), भाटपार रानी में मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा।

# शादी अनुदान हेतु पात्र व्यक्ति द्वारा आनलाईन किया जा सकता है आवेदन

संवाददाता।

देवरिया। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण कांत राय ने जनपद के समस्त अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के अभिभावक एवं आवेदकों को अवगत कराया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से द्वारा संचालित शादी अनुदान योजनान्तर्गत आनलाईन पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किये जा चुके हैं। इच्छुक आवेदक विभागीय साइट www-shadianudan upsdc-gov-in पर शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन बाद तक आनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदकों द्वारा आवेदन किये जाने हेतु निर्धारित साक्ष्यों की आवश्यकता होगी। आवेदक तथा उसकी पुत्री (जिसका विवाह होना है।) दोनो के आधार कार्ड मोबाइल नम्बर से लिंक होनी चाहिए (ओ०टी०पी० सत्यापन हेतु),आवेदक का जाति प्रमाण पत्र, आवेदक का आय प्रमाण पत्र (शहरी क्षेत्र के लिए 56480 रु० और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 46080 रु० वार्षिक से अधिक न हो), शादी का कार्डध्प्रमाण पत्र, आवेदक का बैंक पासबुक, वर का आयु प्रमाण पत्र साक्ष्यों की आवश्यकता होगी। उपरोक्त से अवगत होते हुए इच्छुक आवेदक उक्त योजना का लाभ प्राप्त किये जाने हेतु उपरांकित अभिलेखो के साथ विभागीय साइट www-shadianudan-upsdc-gov-in पर स्वंय अथवा सहज जनसेवा केन्द्र के माध्यम स आनलाईन ओवदन कर सकते है। आनलाईन आवेदन करने के उपरान्त आवेदन पत्र की हार्डकापी आवेदक को आवेदन की तिथि से 07 के भीतर सम्बन्धित तहसीलध्ब्लाक में जमा किया जाना अनिवार्य है। उक्त योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, विकास भवन देवरिया, कमरा नम्बर 134 में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी, मौत

संवाददाता।

बांदा। शराब के नशे में घर में उत्पात मचा रहे पति को पत्नी ने डपट दिया। इससे नाराज होकर पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे मेडिकल कालेज लाया गया, वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। कालिंजर थाना क्षेत्र के टेढ़ा पुरवा निवासी गरीबचंद्र (30) रामबाबू रविवार की रात को शराब के नशे में अपने घर पहुंचा।

## अक्षत कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु, भजनों की धुन पर थिरके

संवाददाता।

बिलगांव । श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व जनजागरण के लिए अजीतपारा बिलगांव में अक्षत कलश यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। कलश यात्रा ने इलाके का भ्रमण किया। गाजे–बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा में हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे। प्रमुख मंदिरों का पूजन भी किया गया। अजीतपारा भवानी देवी मंदिर से अक्षत कलश यात्रा गाजे–बाजे के साथ निकली गई। इसके बाद कौशल किशोर प्राचीन मंदिर से होते हुए बिलगांव बड़ेदेव बाबा आश्रम से लेकर गांव के प्रमुख मंदिरों में अक्षत कलशों का पूजन किया गया। श्रीराम के उद्घोष के बीच रामधुन में राम भक्तों का उत्साह देखते बन रहा था। इस अवसर पर उपेंद्र सिंह, फूल सिंह, भाजपा नेता राजर्षि शुक्ला, हरनारायण सिंह, पप्पू गुप्ता, सेवानंद प्रजापति, सत्यनारायण शुक्ला सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष बच्चे शामिल रहे।

## सिंचाई के बाद घर लौट रहे किसान की ठंड लगने से मौत

संवाददाता।

बांदा। नए वर्ष की सुबह कोहरे से ढकी रही। लोग ठिठुरते हुए खुद को गर्म लिहाफ में जकड़े रहे। बावजूद इसके ठंड का असर लोगों को बेजार करता रहा। रविवार की रात को खेतों की सिंचाई करने के बाद वापस लौट रहे किसान को ठंड ने अपनी आगोश में ले लिया। घर पहुंचने पर उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी नरैनी लेकर गकए, वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, ठंड की चपेट में आने से मासूम समेत पांच लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कालिंजर थाना क्षेत्र के कुइयां कगर निवासी भूरा निषाद (65) रविवार को अपने खेतों की सिंचाई करने के लिए गया था। खेतों की सिंचाई हो जाने के बाद रात को वह अपने घर वापस लौट रहा था, तभी रास्ते में ठंड ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घर पहुंचने पर किसान की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसका घरेलू उपचार किया। हालत न सुधरने पर किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी ले जाया गया, वहां पर चिकित्सकों ने किसान भूरा निषाद को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत हो जाने से परिवारीजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

इधर, ठंड की चपेट में आने से गुरेह गांव निवासी एडविक (1) पुत्र वीरेंद्र, मोहम्मद उमर (4) पुत्र सानू मर्दननाका, मातादीन (50) मूंगुस तिंदवारी, कविता (30) निवासी पपरेंदा और रजिया (70) झील का पुरवा की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वहां उसका उपचार किया जा रहा है।

# प्रदर्शनी संचालक और उसके भाई को पीटकर लूटा

बांदा। जेएन कालेज ग्राउंड में लगी प्रदर्शनी के संचालक को रविवार रात एक दर्जन लोगों ने घेर लिया। बचाने आए संचालक के भाई और दो अन्य दुकानदारों को डंडों से बेहरमी के साथ पीटा और मौके से तीन लाख रुपए लेकर फरार हो गए। पीड़ित पक्ष सिविल लाइन चौकी जा रहा था, तभी रास्ते में रोककर हमलावरों ने एक बार फिर पीटा और कार में रखे 1 लाख 47 हजार रुपए लेकर भाग निकले। पीड़ितों की कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस को पीड़ित पक्ष ने तहरीर दी है।शहर के किरन कालेज कटरा निवासी पंकज (27) पुत्र भोजनारायण निगम जेएन कालेज ग्राउंड में लगाई गई प्रदर्शनी का संचालक है। वहीं पर उसका भाई धीरज (28) भी मौजूद था। रविवार की रात को तकरीबन डेढ़ बजे एक स्कूटी और चार पहिया समेत दो बाइकों में सवार होकर एक दर्जन लोग मौके पर पहुंचे और पंकज व उसके भाई धीरज को पीटना शुरू कर दिया। प्रदर्शनी में दुकान लगाए दो दुकानदार फूलचंद्र (26) पुत्र शिवपाल निवासी लवकुश नगर छतरपुर और राहुल (25) पुत्र अजय खजुरिया नेवादा कानपुर बचाने पहुंचे तो हमलावरों ने उनके साथ भी जमकर मारपीट की। मारपीट के बाद प्रदर्शनी की वसूली का तीन लाख रुपया लिए धीरज से हमलावरों ने छीन लिया और मौके से भाग निकले। मौके पर अफरा–तफरी मच गई। हमलावरों के जाने के बाद पीड़ित पंकज, धीरज और दो दुकानदार कार से सिविल लाइन चौकी जा रहे थे, तभी रास्ते में हमलावरों ने एक बार फिर रोक लिया और जमकर मारपीट की। इस दौरान कार को भी डंडों से क्षतिग्रस्त कर दिया और उसमें रखे 1 लाख 47 हजार रुपया लूटकर भाग निकले। पीड़ितों ने सिविल लाइन चौकी पुलिस को तहरीर दी है। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। घायल पंकज और धीरज ने बताया कि एक पखवारा पहले बुलेट मोटरसाइकिल से तीन लोग प्रदर्शनी आए थे। रात में झूला बंद हो जाने के बाद जबरन झूला चालू करने का दबाव बना रहे थे। इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले की तहरीर सिविल लाइन चौकी पुलिस कोक दी गई थी, लेकिन सिविल लाइन चौकी पुलिस ने इस मामले को कोई तवज्जो नहीं थी। इसके चलते हमलावरों का दुस्साहस बढ़ गया और रविवार की रात को एक बार फिर से जानलेवा हमला करते हुए लूटपाट की गई। फायरिंग से भी हमलावरों ने गुरेज नहीं किया। नगर कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## जनसेवा केंद्र और सीसी रोड का विधायक ने किया लोकार्पण

नरैनी। विधायक ने जनसेवा केंद्र और सी सी सड़क का किया लोकार्पण । जनसुनवाई में कीचड़युक्त कच्चे रास्ते को बनवाने की ग्रामीणों द्वारा मांग की गई थी। ब्लाक क्षेत्र के बसरेही गांव के ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक ओममणी वर्मा के द्वारा कुछ माह पूर्व गांव पहुंचकर की गई जनसुनवाई में गांव में चंद्रपाल वर्मा के दरवाजे से अमर सिंह के दरवाजे की ओर कच्चा रास्ता व जलभराव के कारण कीचड़युक्त होने की शिकायत करते हुए उसे बनवाने की मांग की थी। विधायक ने विधान मंडल विकास निधि द्वारा 10 लाख रुपए लागत से उक्त रास्ते में शीघ्रता से 200 मीटर लंबी सीसी सड़क बनवाकर सोमवार को उसको ग्रामवासियों को लोकार्पण कर सौंपा है। साथ ही गांव में पंचायती राज विभाग द्वारा निर्मित जनसेवा केंद्र का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनीस गौतम, दिखितवारा गांव के प्रधान प्रतिनिधि विक्की गौतम, भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# विकास पुरुष की जयंती पर आयोजित की गई गोष्ठी

## – वक्ताओं ने डा. श्यामलाल शर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व का किया बखान

संवाददाता।

बांदा। बलखण्डीनाका स्थित डाक्टर श्यामलाल शर्मा स्मारक पार्क में उनकी 124वीं जन्म जयंती समारोह को विकास गोष्ठी के रूप में मनाया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी इंजी ओमप्रकाश मसुरहा ने की। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर पालिका चेयरमैन मालती गुप्ता बासू मौजूद रहीं। सभी वक्ताओं ने श्यामलाल शर्मा की पूर्व स्मरणीय विकास कार्यो में ईमानदारी, कार्यकुशलता, के साथ पानी, बिजली, सड़क जैसी प्रथमिकताओं का बखान किया गया। उनका कार्यकाल विकास पुरूष के रूप जाना जाता है। जनता से मेलभाव स्नेह सम्बंध मे भी उनका गहरा जुड़ाव देखने को मिलता था। विचारों के क्रम मे उनकी स्मारिका पत्रिका निकालने की पहल के सुझाव आए। वक्ताओं में केपी सेन, जमील चौधरी, शैलेश बोस, देवीदयाल पटेल, चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, ईओ वीपी यादव, रमेशचंद्र द्विवेदी मास्टर साहब के अलावा पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, पूर्व अध्यक्ष अशोक अवस्थी, समेत वरिष्ठ काग्रेस नेता अखिलेश शुक्ला, रमेशचंद्र दुबे, रामप्रताप शुक्ल, अमर दत्त शर्मा ने भी संबोधित किया। ओमप्रकाश मसुरहा ने उनकी पूर्व स्मृति से परिचित कराते हुए कहा कि डा. साहब वरिष्ठ चिकित्सक के साथ अच्छे लोकप्रिय जनसेवक थे। उनकी जनपद के साथ ही प्रदेश स्तर प्रशासनिक पकड़ थी और इनके साथ बुन्देलखण्ड के गांधी कहे जाने वाले लोकप्रिय नेता जमुना प्रसाद बोस को याद करते हुए उनकी प्रतिमा लगाये जाने के विचार रखे। संचालन सभासद रामप्रसाद सोनी ने किया। जबकि आभार प्रदीप शर्मा ने जताया। इस दौरान

प्रियांश शर्मा, शशिकांत शर्मा, प्रदुम्न दुबे लालू, बलवीर सिंह, राकेश गुप्ता दद्दू, अरूण शर्मा, वेद शर्मा, आदित्य परिहार, नईम नेता,

राजकिशोर गुप्ता, लालू तिवारी, प्रेम गुप्ता, महेश गुप्ता, दुर्गा चौरसिया, ललित विश्वकर्मा समेत सैकड़ो बुद्धिजीवी बन्धुओ की उपस्थिति रही।

## अनिल कुमार बने व्यापार मंडल के अध्यक्ष

कमासिन। कस्बे में व्यापार मंडल का गठन जन उद्योग व्यापार संगठन जिला प्रभारी श्रीराम गुप्ता बबेरू व सुधीर अग्रहरि की उपस्थिति में किया गया। बैठक की अध्यक्षता रमाशंकर सोनी ने की। संगठन का अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता को बनाया गया। सूरज सिंह महामंत्री, राजू चौरसिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रमाशंकर सोनी कोषाध्यक्ष सहित चार उपाध्यक्ष सदाशिव, सुरेश पाल, दिनेश कुमार यादव और राजेंद्र गुप्ता मंत्री पद में चार लोग राजा यादव, अखिलेश यादव, दिनेश कुमार गुप्ता और रिंकू मोदनवाल को बनाया गया। प्रचार मंत्री नंदकिशोर सविता व श्रीराम गुप्ता तथा संरक्षक मंडल में सुधीर गुप्ता को चुना गया। गठन करने के बाद एक साथ कार्य करने की शपथ ली गई। बैठक में काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## कुछ बसे तो चलीं, भारी वाह्नो के थमे रहे पहिया

### –एमडी के आदेश पर शुरू हुई रोड़वेज बस सेवा

चित्रकूट। सड़क दुर्घटना में दोषी चालक को कड़ी सजा देने का प्रावधान बनाने के मामले में दूसरे दिन ट्रक व बसो का संचालन नहीं हुआ। सुबह से एमडी के आदेश पर परिवहन चालू किया गया। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। भीषण डंठ में यात्री परेशान रहे। बस सेवा चालू होने पर यात्री अपने घर के लिए रवाना हुए।गौरतलब हो कि सड़क दुर्घटना के नए कानून बनाए जाने के विरोध में मंगलवार को भी ट्रांसपोर्ट व रोड़वेज बस सेवा ठप रही। नए कानून में यदि किसी वाहन की टक्कर लगने से किसी की मौत हो जाती है तो दस साल तक की सजा व सात लाख रुपये का प्रावधान है। जिस पर रोडवेज चालक संघ के आवाहन पर रोडवेज चालक हड़ताल पर रहे। एक भी रोडवेज बसे नहीं चली। इसी तरह से प्राइवेट चालक भी हड़ताल रहे। जिन्होंने बस स्टैंड में प्रदर्शन कर विरोध जताया। बसे बंद होने से रेलवे स्टेशन में अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक यात्रियों की भीड़ रही। सुबह से एमडी के आदेश पर रोड़वेज बसो का संचालन शुरू हो गया। बस स्टैन्ड के इंचार्ज ने बताया कि बिना सूचना के रोड़वेज बसों का संचालन ठप किया गया था। जिससे एमडी ने पुनः आदेश दिया है कि बसों का पुनः संचालन किया जाए। कुछ बसों के चलने से यात्री अपने घर के लिए रवाना हुए।



# समस्याओं को लेकर पंचायत सहायकों ने किया प्रदर्शन

## – जबरन थोपा जा रहा काम, मानदेय दिलवाए जाने की मांग

बांदा। पंचायत सहायक संगठन के बैनर तले सोमवार को पंचायत सहायकों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपा गया। पंचायत सहायकों ने कहा कि जो उनके दायरे में नहीं है, वह काम भी जबरन करवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही मानदेय दिलाने की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




मंडलायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने कहा कि क्राप सर्वे (ई–खसरा पड़ताल) पंचायतीराज विभाग का कार्य नहीं है, जो कि पंचायत सहायकों के कार्य क्षेत्र व जॉब चार्ट के तहत नहीं है। क्राप सर्वे राजस्व विभाग का कार्य है, जिसे राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा कराया जाना चाहिए। जबकि जबरन पंचायत सहायकों पर थोपा जा रहा है, जो कि अनुचित है। कहा गया कि पंचायत सहायकों को क्रप सर्वे कार्य में संलिप्त न किया जाए। तत्काल प्रभाव से पंचायत सहायकों को इस कार्य से मुक्त किया जाए। बताया कि जिला मुख्यालय व ब्लाक स्तर पर तकरीबन 75 प्रतिशत सहायकों का मानदेय कई महीनों से नहीं किया गया है, इससे वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। बावजूद इसके पंचायत सहायकों का मानदेय भुगतान नहीं हो रहा है। पंचायत सहायकों ने मानदेय का भुगतान कराए जाने की मांग की है। निदेशालय व शासन स्तर से बार–बार ग्राम पंचायत में स्थापित कंप्यूटर सिस्टम से पंचायत सहायकों के द्वारा ग्राम पंचायत संबंधी समस्त भुगतान करवाने के लिए आदेशों के बावजूद भुगेतान पंचायत सहायकों से न करवाकर ब्लाक आपरेटर या कोई अन्य बाहरी प्राइवेट आपरेटर्स के द्वारा करवाया जा रहा है। इसके अलावा अन्य समस्याओं का भी उल्लेख पंचायत सहायकों ने ज्ञापन में करते हुए समाधान की मांग की है। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष गयाप्रसाद निषाद, हरीमोहन मौर्य, सूरज सिंह, चंद्रशेखर समेत अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## हनुमान मंदिर में वृहद कन्या भोज का आयोजन

कमासिन। कस्बे के हनुमान मंदिर में दो सप्ताह से आयोजित अखंड रामायण पाठ का सोमवार को समापन हुआ। इस दौरान कन्या भोज का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर उत्थान बाबा समिति के अध्यक्ष बसंत लाल यादव ने बताया कि 15 दिन तक अखंड रामायण पाठ के बाद आज नए वर्ष के आगमन पर कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बे की कन्याओं के मंदिर आगमन पर पैर धोकर प्रसाद ग्रहण कराया गया। मुद्राएं भी अर्पित की गई। इसके अलावा कस्बे में आकर्षक झांकियां निकाल कर शोभा यात्रा निकाली गई और नगर भ्रमण किया गया।

## पेट्रोल पम्पो में दिखी भीड़, गैस सिलेंडर की किल्लत

चित्रकूट। ट्रांसपोर्ट सेवा ठप होने के चलते लोगों के दिलो में बैठी मंहगाई का असर देखने को मिला। पेट्रोल पम्पो में तेल भराने के लिए वाहनों की भीड़ देखी गई। रसोई गैस की आपूर्ति भी ठप होने से लोग परेशान रहे। लोगों ने डिलीवरी मैन से पूछा तो पता चला कि सिलेंडर लेकर आने वाले वाहन बंद होने से एजेंसी में गैस सिलेंडर नहीं आए। जिससे जिनके घरो में गैस सिलेंडर खत्म हो गए वे खाना पकाने को खासा हलाकान रहे। इसी प्रकार फल, सब्जी व अन्य जरूरी सामग्री के दाम बढ़ने के आसार से लोग खरीददारी करते देखे गए।

## आवागमन में हुई परेशानी

चित्रकूट। सड़क किनारे ट्रको के खड़े होने से लोगों को आवागमन में दिक्कते हुई। कई बार जाम की स्थिति बनी। ऐसे में लोग कोसते नजर आए।

## रद्द होना चाहिए मोटर व्हीकल का नया कानून

चित्रकूट। भाकपा के जिला सचिव अमित यादव एड ने चालकों की हड़ताल का पुरजोर समर्थन करते हुए कानून को समाप्त करने की मांग की है। साथ ही हड़ताली चालकों पर किए गए जुल्म की निंदा की। कहा कि जब नए मोटर व्हीकल एक्ट बनाया जा रहा था तो सब बेफिक्र थे कि मोदी की गारंटी में कोई अन्याय नहीं होगा।

# 239 अभियोगों में 441 अभियुक्तों को दिलाई सजा

## –एसपी ने विगत वर्ष की बताई उपलब्धियां

चित्रकूट। जनपद पुलिस ने विगत वर्ष में 239 अभियोगों में 441 अभियुक्तो को सजा दिलाई है। यातायात जांच में पांच करोड़ 78 लाख ई चालान, 294 वाहन सीीज किए गए हैं। जिले में 2559 अभियोग पंजीकृत हुए। जिनमें 2228 अभियोगों का निस्तारण हुआ।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि पुलिस महानिदेशक के निर्देशन पर ज्यादा से ज्यादा मामलों का निस्तारण करने के क्रम में जनपद में 2559 अभियोगों में 2228 मामलों का निस्तारण किया गया। आपरेशन कन्विक्शन के तहत 239 अभियोगों में 441 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। यातायात व थाना, चौकी पुलिस ने दो, चार पहिया, सीट बेल्ट, हेलमेट, काली फिल्म की जांच कर 29421 वाहनों का चालान किया गया। जिसमें 5 करोड़ 78 लाख 24 हजार 700 रुपए ई चालान व 294 वाहन सीज किए गए। शांति व्यवस्था भंग करने में 26006 व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की गई। 25018 व्यक्तियों को पाबंद किया गया। साइबर सेल में 305 पीड़ितों के 2537784 रुपए विभिन्न बैंकों से फ्रीज कराए गए। 86 पीड़ितों के 3312712 रुपए खातों में वापस कराए हैं। 166 अपहृत, गुमशुदा बच्चे बरामद किए गए। 114 लोगों के विरुद्ध गुडा एक्ट, 497 मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही हुई। 472 आरोपियों से 5152 लीटर कच्ची शराब पकड़ी है। 464 अभियोग एनडीपीसी के दर्ज हुए। 1006. 803 किग्रा गांजा बरामद किया गया।

## गांव विकसित होंगे तो देश भी विकसित होगारू विधायक

बिलगांव। बिसंडा मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर पंचायत द्वारा रामलीला मैदान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश के कोने–कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हर गांव और नगर में सभी लक्षित पात्रों को केंद्र व प्रदेश द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निकल रही है। नवयुवक, गरीब और किसान महिलाएं सरकार की मंशानुरूप योजनाओं से संतृप्त हो जायेंगे तभी भारत विकसित देश बनेगा कार्यक्रममें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह चौहान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल संतोष गुप्ता आदि वक्ताओं ने अपने संबोधन में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर व्यापक प्रकाश डाला। नगर पंचायत अध्यक्ष आशा एवं उप जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी सत्यप्रकाश ने मुख्य अतिथि सदर विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्ययोजना के साथ की। इस अवसर पर भाजपा नेता राज भवन उपाध्याय, रामकिशुन गुप्ता बासू, बिसंडा भाजपा मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह, कन्हैया लाल, नरेश गुप्ता के अलावा नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक दिनेश सिंह आदि शामिल रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि पीएम आवास, स्वास्थ्य दिव्यांग पुष्टाहार सहित विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए और लोगों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।